आर.एन.आई. नं. HARBIL/2017/71370

वर्ष : 08, अंक : 99
कैथल (हरियाणा),
रविवार, 05 मई 2024
मूल्य : 2 रूपया, पृष्ठ : 8

# अटल हिन्द

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Postal No. KKR/183/2022-24

हरियाणा,पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

Publisher & Director: Raj K. Aggarwal I Email:- atalhindnews@gmail.com I ePaper- Website:www.atalhind.com 9891096150/9802153000

### सुरक्षित स्कूल वाहन नीति पर हाईकोर्ट सख्त

## स्पेशल टीमों के गठन व क्रियान्वयन पर हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ को नोटिस

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को हरियाणा, पंजाब और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की राज्य सरकारों को क्षेत्र में स्कूल बसों में यात्रा करने वाले छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों द्वारा तैयार की गई नीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक याचिका पर नोटिस जारी किया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जी एस संधावालिया और न्यायाधीश लपिता बनर्जी की खंडपीठ ने भिवानी जिले के निवासी 49 वर्षीय सुशील वर्मा



द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए। याचिकाकर्ता ने स्कूल परिवहन वाहन के जमीनी स्तर पर नियमित निरीक्षण करने के लिए सरकारी अधिकारियों और बाल अधिकार कार्यकर्ताओं को शामिल करते हुए विशेष टीमों का गठन करने के निर्देश भी मांग हैं।

हाईकोर्ट को बताया गया है कि सरकार ने 31 जनवरी, 2014 को सुरक्षित स्कूल वाहन नीति बनाई थी, जिसमें बच्चों को ले जाने वाले स्कूल परिवहन वाहन द्वारा पूरी की जाने वाली विभिन्न अनिवार्य आवश्यकताओं को शामिल किया गया था। नीति तैयार करने और राज्य द्वारा हलफनामे प्रस्तुत करने के मद्देनजर हाई कोर्ट ने 20 जनवरी, 2017 को इस मुद्दे पर एक याचिका का निपटारा कर दिया। जिसमें परिवहन विभाग के साथ-साथ बाल अधिकार संरक्षण आयोग को सभी स्कूलों द्वारा उक्त नीति के क्रियान्वयन की निगरानी करने का निर्देश दिया गया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्रों के यात्रा करने वाले वाहन के मामले में एक महिला परिचारिका और एक पुरुष परिचारक छात्रों के यात्रा करने वाले वाहन में हो। याचिकाकर्ता के अनुसार, उच्च न्यायालय के समक्ष उपरोक्त रिपोर्ट दाखिल करने के बावजूद कि सुरक्षित वाहन नीति 2014 को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित नहीं किया जा रहा है।

## नरेंद्र मोदी के लिए मणिपुर बहुत दूर है क्या ?

### 162 दौरे किए, पर मणिपुर नहीं गए

अटल हिंद ब्यूरो

नई दिल्ली। बीते शुक्रवार (3 मई) को भारत के संवेदनशील सीमावर्ती राज्य मणिपुर में भड़की हिंसा को एक साल पूरा हो गया. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंसा की आग में झुलस रहे इस पूर्वोत्तर राज्य का एक भी दौरा नहीं किया, लेकिन दूसरी ओर उन्होंने देश के अन्य राज्यों के '162' आधिकारिक और गैर-आधिकारिक दौरे किए हैं.

इसी दौरान पीएम मोदी ने विदेश के भी 14 आधिकारिक दौरे किए, और ये दौरे तब किए जब मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा था, जिससे 230 लोगों की मौत हो गई और 60,000 से अधिक लोग बेघर हो गए. राज्य में




कुछ समय पहले मणिपुर में लगाए गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मिसिंग' पोस्टर. (फोटो साभार- ट्विटर//@ashoswai)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार है और हिंसा के बावजूद मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह अपने पद पर बने हुए हैं और उनके या किसी अन्य मंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है. मणिपुर में पीएम की गैरमौजूदगी पर विपक्ष हमेशा से ही सवाल उठाता रहा है. जब मणिपुर हिंसा की चपेट में था तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राज्य का दौरा किया था. बाद में, उन्होंने अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की शुरुआत भी मणिपुर से ही की थी.

इस साल फरवरी-मार्च के महीने में, पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर राज्यों में से असम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया लेकिन वह मणिपुर नहीं गए. उन्होंने असम के 3 दौरे और त्रिपुरा तथा अरुणाचल प्रदेश का एक-एक दौरा किया.

आधिकारिक रिकॉर्ड के मुताबिक, पीएम मोदी ने 'विकसित भारत, विकसित पूर्वोत्तर' कार्यक्रम के लिए 9 मार्च को अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया था.

घरेलू दौरों के अलावा पीएम मोदी ने मई 2023 के बाद से 14 अंतरराष्ट्रीय दौरे भी किए. इस दौरान उन्होंने यूएई में एक हिंदू मंदिर के उद्घाटन समारोह में भी हिस्सा लिया.

### हरियाणा में IPS के प्रमोशन पर उठे सवाल

## IG ने CM सैनी को लिखा पत्र, कहा- जातीय आधार पर हो रहा भेदभाव

चंडीगढ़/एजेंसी। हरियाणा में आईपीएस (IPS) अफसरों के प्रमोशन पर सवाल उठे हैं। IPS अफसर वाई पूरन कुमार ने चार बैच (1991, 1996, 1997 और 2005 ) के IPS अफसरों के प्रमोशन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने प्रमोशन को अवैध बताया है। इसको लेकर उन्होंने वित्त विभाग पर केंद्रीय गृह मंत्रालय की गाइडलाइंस को ओवर रूल करने की बात कही है।

IPS अफसर वाई पूरन कुमार ने आईपीएस अफसरों के प्रमोशन के संबंध में सीएम नायब सैनी को पत्र लिखा। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि उनके द्वारा 11 अक्टूबर, 2022 को तत्कालीन गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद को 2001 बैच के अफसरों को DIG रैंक में पदोन्नति के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय के गाइडलाइंस के मुताबिक



विचार करने के लिए प्रतिवेदन दिया था।

इसके साथ ही उन्होंने अपने प्रतिवेदन में उनका वेतन दोबारा तय किए जाने और एरियर भी दिए जाने के लिए कहा था। इसका रिमाइंडर भी उन्हें भेजा गया, लेकिन इसका आज तक कोई हल नहीं हुआ।

**गृह विभाग पर लगाए आरोप**

IPS ऑफिसर वाई पूरन कुमार ने आरोप लगाते हुए आगे लिखा कि उन्हें लगता है उनके प्रतिवेदन का निपटारा इसलिए नहीं दिया, क्योंकि वह और उनके बैचमेट अनुसूचित जाति से संबंध रखते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के गृह विभाग में वह फाइलें भी एक कानूनी अफसर के पास भेज दी जाती हैं, जिनमें कानूनी राय की आवश्यकता भी नहीं है।

जातीय आधार पर हो रहा भेदभाव

उन्होंने आरोप लगाया कि उनके साथ अनुसूचित जाति होने के चलते जातीय आधार पर भेदभाव हो रहा है, क्योंकि 1997 बैच के IPS अफसरों को एडवांस में पे फिक्स कर दी गई और एडवांस में वेतन वृद्धि कर दी गई। हालांकि, बाद में इन आदेशों को भी होल्ड कर लिया गया, लेकिन उनका प्रमोशन देरी से किया गया।

गृह विभाग को लॉ ऑफिसर करते हैं कंट्रोल

IPS ऑफिसर वाई पूरन कुमार ने आरोप लगाया कि लॉ ऑफिसर गृह विभाग को कंट्रोल करते हैं। वह गृह विभाग में 10 से 12 सालों से तैनात हैं, जबकि नियम 3 साल का है। इसके बाद यदि किसी परिस्थिति में इनके कार्यकाल को बढ़ाया जाता है, तो ज्यादा से ज्यादा 5 साल तक किया जा सकता है। इन्हें विभाग से बदला भी गया था, लेकिन तबादला आदेश रद्द हो गए।

### हरियाणा न्यायिक पेपर लीक

## दिल्ली HC का निचली अदालत को निर्देश, कहा- ट्रायल को 3 महीने में करें पूरा

चंडीगढ़/एजेंसी। हरियाणा न्यायिक पेपर लीक मामले में बड़ा अपडेट आया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने हरियाणा सिविल सेवा (न्यायिक) प्रारंभिक परीक्षा 2017 के कथित पेपर लीक मामले में निचली अदालत को निर्देश दिए हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले में कार्यवाही समाप्त करने के लिए निचली अदालत को निर्देश देते हुए ट्रायल को तीन महीने में खत्म करने को कहा है।

**दिल्ली हाई कोर्ट ने दिए निर्देश**

दिल्ली हाई कोर्ट ने 2017 हरियाणा न्यायिक सेवा परीक्षा पेपर लीक मामले में निचली अदालत को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि अदालत इस बात की सराहना करेगी यदि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिनके समक्ष इस संबंध में मुकदमा चल रहा है। वह मामले को दिन-प्रतिदिन के आधार पर सुनते हैं और जरूरी




होने पर ही सुनवाई टालने की मांग को मंजूरी दें।

**ट्रायल को तीन महीने में करें खत्म**

दिल्ली हाई कोर्ट ने जनवरी में निचली अदालत से मामले की कार्यवाही में तेजी लाने और इसे दैनिक आधार पर निपटाने को कहा। इसके साथ ही केस के ट्रायल को तीन महीने में खत्म करने को कहा है। वहीं, निचली अदालत के न्यायाधीश ने इस संबंध में दिल्ली हाई कोर्ट को एक पत्र सौंपा, जिसमें कहा गया कि मामले का रिकॉर्ड बहुत बड़ा है, क्योंकि मुकदमे का सामना कर रहे आरोपियों के खिलाफ सात आरोपपत्र दायर किए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने पत्र में कहा कि मामले में 19 आरोपी और 85 गवाह हैं। निचली अदालत ने मामले के निपटारे के लिए कम से कम छह महीने का समय मांगा।

**क्या है हरियाणा न्यायिक सेवा परीक्षा पेपर लीक मामला**

बता दें कि 2017 में हरियाणा न्यायिक पेपर लीक मामले में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट की एक शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले हाई कोर्ट ने 2017 में बलविंदर कुमार शर्मा को निलंबित कर दिया था। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया था कि सह अभियुक्त सुनीता, बलविंदर कुमार शर्मा की परिचित थीं और उसने उसे प्रश्न पत्र की एक प्रति दी थी, जिसने पैसे के बदले में इसे दूसरों को दिया था।

## फसल बीमा का पैसा किसान के खाते में सीधे भेजेंगे : खडगे

नयी दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने किसानों से कहा है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसान हित में जरूरी निर्णय लिए जाएंगे और फसल बीमा की राशि सीधे किसानों के खाते में भेजी जाएगी। खडगे ने कहा ÷किसानों के लिए बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफ़र होगा।



कांग्रेस गारंटी देती है कि फसल बीमा को खेत और किसान के अनुरूप बनाया जाएगा। किसान से बीमा राशि के अनुसार प्रीमियम लिया जाएगा और किसनों के सभी दावों का निपटान 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने फसल बीमा योजना को प्राइवेट बीमा कंपनी मुनाफा योजना बना दिया और 2016 से अब तक 57,619.32 करोड़ रुपये का मुनाफा चंद मुट्ठीभर बीमा कंपनियों को कमवाया। किसानों के दावों का समय पर भुगतान नहीं करने की सरकार की आलोचना करते उन्होंने कहा सरकारी आँकड़ों के अनुसार, उदाहरण के तौर पर, रबी 2022-23 के दौरान क़रीब 6 करोड़ पंजीकृत किसानों में से केवल 7.8 लाख किसानों के दावों का भुगतान किया गया। जो शर्मनाक है। कांग्रेस पार्टी अन्नदाता किसानों की खुशहाली के लिए समर्पित है। किसान न्याय की गारंटी से हम उनका जीवन सुधारेंगे।

## दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष लवली सहित चार नेता भाजपा में शामिल

नयी दिल्ली, 04 मई (एजेंसी) दिल्ली कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले पूर्व मंत्री अरविंदर सिंह लवली और राजकुमार चौहान तथा वरिष्ठ नेता नीरज बसोया एवं अमित मलिक शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के महासचिव विनोद तावड़े, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा




और पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी एवं सह प्रभारी संजय मयूख की उपस्थिति में चारों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर श्री तावड़े ने चारों नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि एक ओर जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली से नामांकन पत्र दाखिल कर रहे हैं, उस समय दिल्ली के ये दिग्गज कांग्रेस छोड़ कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत अभियान में शामिल हो रहे हैं। श्री गांधी एक ओर वायनाड को अपना परिवार बताते हैं। फिर रायबरेली में यही दोहराते हैं। हकीकत यह है कि उनका परिवार सिर्फ वोट है, लोग नहीं।

## कांग्रेस के न्याय पत्र में हिंदू मुसलमान की बात नहीं - खेड़ा

भोपाल, 04 मई (एजेंसी) कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने देश के लोकसभा चुनाव के रोचक दौर में पहुंचने का दावा करते हुए आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता महंगायी, बेरोजगारी, महिला अत्याचार और किसानों की दुर्दशा संबंधी विषयों पर बात नहीं कर रहे हैं। खेड़ा ने यहां पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा नेता चुनाव के दौरान असल मुद्दों पर बोलने की बजाए नए विवाद पैदा कर रहे हैं। हिंदू मुसलमान की बात की जा रही है। मंगलसूत्र पर भी चर्चा कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस के न्याय पत्र में इस तरह के शब्दों का ही उपयोग नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि दरअसल दस सालों में भाजपा ने झूठ की गारंटी दी है और अब उसके नेता लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर



रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में महंगायी और बेरोजगारी से सब परेशान हैं। इन दोनों क्षेत्रों में दस सालों में क्या किया गया, इस पर क्यों बात नहीं हो रही है। क्या मंगलसूत्र, मटन, मछली, मुसलमान और पाकिस्तान मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि देश में अब तक जो रुझान सामने आ रहे हैं, उसके अनुसार भाजपा की स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए वह विरासत कर और इस तरह की बातें करने लगे हैं। उनका दावा है कि लोगों में भाजपा के प्रति गुस्सा है।

## संदेशखाली स्टिंग से पता चलता है कि भाजपा के भीतर कितनी सड़ांध है: ममता

कोलकाता, 04 मई (एजेंसी) पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को भाजपा पर जमकर हमला बोला और पार्टी को बंगाल विरोधी÷बताया और उस पर हर संभव स्तर पर हमारे राज्य को बदनाम करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। सुश्री बनर्जी की टिप्पणी संदेशखाली घटना पर तृणमूल कांग्रेस द्वारा जारी एक कथित स्टिंग ऑपरेशन वीडियो की प्रतिक्रिया



में आई है, जिसमें दिखाया गया है कि वहां जो कुछ भी हुआ वह कथित तौर पर पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी द्वारा रचा गया था। सुश्री बनर्जी ने कहा कि इससे पता चलता है कि भाजपा के भीतर सड़ांध कितनी गहरी है। ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा चौंकाने वाला संदेशखाली स्टिंग दिखाता है कि भाजपा के भीतर कितनी गहरी सड़ांध है। बंगाल की प्रगतिशील सोच और संस्कृति के प्रति अपनी नफरत में, बांग्ला-बिरोधियों ने हमारे राज्य को हर संभव स्तर पर बदनाम करने की साजिश रची। बनर्जी ने आरोप लगाया कि भारत के इतिहास में पहले कभी भी दिल्ली में किसी सत्ताधारी दल ने पूरे राज्य और उसके लोगों को बदनाम करने की कोशिश नहीं की और भविष्यवाणी की कि इतिहास इस बात का गवाह होगा कि बंगाल दिल्ली के षड्यंत्रकारी शासन के खिलाफ गुस्से में उठेगा और उनके बिशोर्जन को सुनिश्चित करेगा।

## अमृतसर में बीएसएफ ने बरामद किया ड्रोन, पिस्तौल

जालंधर/एजेंसी। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की खुफिया इकाई ने पंजाब के अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक ड्रोन और एक पिस्तौल बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि ड्रोन की उपस्थिति के बारे में एक सूचना मिलने पर बीएसएफ के जवानों ने तलाशी अभियान में अमृतसर जिले के रतनखुर्द गांव से सटे एक खेत में सुबह लगभग आठ बजे एक ड्रोन बरामद किया। बरामद ड्रोन की पहचान चीन निर्मित डीजेआई माविक 3 क्लासिक के रूप में की गयी है। एक अन्य मामले में बीएसएफ ने अमृतसर जिले के भरोपल गांव से



ड्रोन द्वारा गिरायी गयी एक पिस्तौल बरामद की है। प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ खुफिया इकाई की एक विशेष सूचना के आधार पर, बीएसएफ के जवानों ने सुबह लगभग 07~30 बजे तलाशी में भरोपल गांव के एक खेत से एक पैकेट बरामद किया, जो पीले रंग की पैकिंग सामग्री में लपेटा गया था, काले चिपकने वाले टेप और उससे जुड़ी एक धातु की अंगूठी से सुरक्षित था। पैकिंग खोलने पर इसमें से एक पिस्तौल खाली मैगजीन सहित बरामद हुयी।

## पुंछ में वायुसेना के काफिले पर आतंकवादियों के हमले में एक जवान शहीद चार घायल

जम्मू 04 मई (एजेंसी) जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिले के मेंढर-सूरनकोट इलाके में आतंकवादियों के एक समूह द्वारा शनिवार शाम भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के काफिले पर किये गये हमले में घायल हुये वायु सेना के पांच जवानों में से एक ने दम तोड़ दिया जबकि चार अन्य का कमांड अस्पताल उधमपुर में इलाज चल रहा है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के सुरनकोट-मेंढर के बीच शाहसितार के पास आतंकवादियों के एक गुट ने भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमला कर दिया था। भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आतंकवादियों के साथ भीषण गोलीबारी में वायु योद्धाओं ने जवाबी गोलीबारी करके मुकाबला किया। इसमें आगे लिखा है कि इस कार्रवाई में पांच आईएएफ कर्मियों को गोली लग गई और उन्हें तत्काल चिकित्सा के लिए निकटतम सैन्य अस्पताल ले जाया गया। एक वायु योद्धा ने बाद में चोटों के कारण दम तोड़ दिया। स्थानीय सुरक्षा बलों द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है। पिछले साल सेना पर सिलसिलेवार आतंकी हमलों का गवाह रहे इस क्षेत्र में इस साल सशस्त्र बलों पर यह पहला बड़ा हमला है।

### वायुसेना के क़ाफ़िले पर आतंकियों ने कायराना हमला किया : आप

नयी दिल्ली 04 मई (एजेंसी) आम आदमी पार्टी ने जम्मू कश्मीर के पुँछ में हुए आतंकवादी हमले पर दुख व्यक्त करते हुए इसे कायराना हरकत करार दिया।

आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा पुंछ में भारतीय वायुसेना के क़ाफ़िले पर आतंकियों ने कायराना हमला किया। इसमें हमारे एक जवान के शहीद होने व कई अन्य जवानों के घायल होने की दुःखद खबर आ रही है। ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा को शांति प्रदान करने और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूँ।

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा ÷पुँछ से अत्यंत दुखद खबर आ रही है कि आतंकियों ने वायु सेवा के काफिले पर हमला किया है , जिसमें भारत के कुछ वीर जवान घायल हुए है और एक जवान शहीद हुआ है।

# गुप्तचर विभाग और पल्ला थाना पुलिस ने जंगल में अवैध शराब बनाते 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**करीब 200 लीटर केमिकल, 5 भट्टी, 3 मोटरसाइकिल और शराब बनाने का सामान बरामद**

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 04 मई।** लोकसभा चुनाव के चलते पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य द्वारा अवैध शराब पर अंकुश लगाने के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए गुप्तचर विभाग और पल्ला थाना प्रभारी सुमेर सिंह तथा पुलिस चौकी नवीन नगर प्रभारी अमरजीत की टीम ने जंगल में अवैध शराब बनाते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में इस्माइलपुर निवासी सुखविंदर तथा कुलवंत उर्फ कालू का नाम शामिल है। गुप्तचर विभाग को सूत्रों से सूचना मिली थी कि आरोपी पुस्ता रोड पर जंगल में अवैध शराब बना रहे हैं। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पल्ला पुलिस को साथ लेकर पुलिस टीम जंगल में पहुंची जहां पर गाड़ी जाने का रास्ता नहीं था तो चौकी इंचार्ज ने एक टीम को मोटरसाइकिल पर व दूसरी टीम को पैदल रास्ते से मौके पर रवाना किया। पुलिस को आते देख आरोपी मौके से भागने की कोशिश करने लगे लेकिन पुलिस ने आरोपित कुलवंत को मौके से ही 25 लीटर अवैध शराब के साथ काबू कर लिया। इसके पश्चात पुलिस अन्य आरोपियों के पीछे गई और आरोपी सुखविंदर को 5 लीटर शराब ले जाते हुए रास्ते से काबू किया गया। पुलिस ने मौके से करीब 200 लीटर केमिकल, 5 भट्टी, 3 मोटरसाइकिल और शराब बनाने का सामान बरामद किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ अवैध शराब अधिनियम के तहत अलग-अलग मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी कुलवंत के खिलाफ इससे पहले भी 2 मुकदमे अवैध शराब के तथा 1 मुकदमा जुए का दर्ज है और वह जेल भी जा चुका है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके आरोपी सुखविंदर को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है जिसमें रिमांड के दौरान मामले में शामिल आरोपी के अन्य साथियों के बारे में जानकारी प्राप्त करके उनकी धरपकड़ की जाएगी।

# साइबर थाना बल्लबगढ़ की टीम ने सेक्टर-6 व सेक्टर-9 में साइबर फ्रॉड के संबंध में जानकारी देकर किया जागरूक

अटल हिंद संवाददाता



**फरीदाबाद, 04 मई।** पुलिस उपायुक्त साइबर अपराध जसलीन कौर के दिशा निर्देश के तहत साइबर थाना बल्लबगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार की टीम ने सेक्टर-6, सेक्टर-9 व हनुमान मंदिर सेक्टर-8 में आमजन को साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि साइबर पुलिस स्टेशन बल्लभगढ़ की टीम ने सेक्टर-6 व सेक्टर-9 व हनुमान मंदिर के पास पहुंचकर वहां पर मौजूद नागरिकों को बताया कि साइबर फ्रॉड मुख्यत लालच के कारण होता है साइबर ठग, पीडित को तुरंत कम रेट पर लोन देने का वादा करते है, शेयर मार्केट में मुनाफे के नाम पर, विदेश भेजने के नाम पर, लैप्स बीमा पॉलिसी का फुल रिटर्न दिलाने के नाम पर, टास्क पूरा करने के नाम पर, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढवाने के नाम पर, लॉटरी लगवाने के नाम पर, घर बैठे कमाने के नाम पर, फ्री में गिफ्ट दिलाने के नाम पर, वाउचर जीतने के नाम पर, चंद मिनटों में ही बड़ी रकम का लोन देने का झूठा दावा करते हैं।

# फरीदाबाद लोकसभा चुनाव के लिए 12 उम्मीदवारों ने शनिवार को दाखिल किए नामांकन पत्रः जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 04 मई।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि नामांकन के छठे दिन शनिवार को इंडियन नेशनल लोक दल के प्रत्याशी सहित कुल 12 लोगों ने नामांकन दाखिल किए। उन्होंने बताया कि पहले, दूसरे दिन कोई नामांकन नहीं और तीसरे दिन तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इसी प्रकार आज शनिवार को छठे दिन बारह प्रत्याशियों में नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में इंडियन नेशनल लोक दल से सुनिल तेवतिया, बहुजन समाज पार्टी से किशन ठाकुर, राष्ट्र निर्माण पार्टी से भारत भूषण कोली, सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी से ज्ञान चंद बैंसला, निर्दलीय सुनील कुमार, निर्दलीय राजेश गौतम, निर्दलीय गिर्राज, बहुजन समाज पार्टी से कवरिंग कैंडिडेट विकास ठाकुर ने आज शनिवार को नामांकन पत्र दाखिल किए। वही इंडियन नेशनल कांग्रेस के महेन्द्र प्रताप सिंह और इंडियन नेशनल

# फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी बना विकास की दौड़ में रखा अव्वलःकृष्णपाल गुर्जर

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 04 मई।** भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि भारत देश की जनता खुशनसीब हैं, जिन्हें नरेंद्र मोदी के रुप में तपस्वी प्रधानमंत्री मिला है, जो दिन-रात केवल यही सोचता है कि भारत देश उन्नत और विकसित कैसे बने? जब 2014 में नरेंद्र मोदी जी पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी तो कांग्रेस ने यह सवाल उठाया था कि भला एक चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री कैसे बन सकता है, लेकिन आज दस सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे विश्व में अपनी काबलियत का लोहा मनवा दिया है, आज समूचा विश्व भारत के आगे नतमस्तक है और विश्वगुरु बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। श्री गुर्जर अपने चुनावी अभियान के तहत बडखल विधानसभा क्षेत्र के एनआईटी 3 जी ब्लाक में युवा भाजपा नेता साहिल अरोड़ा द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में भारी संख्या में मौजूद शहर के गणमान्य लोगों ने दोनों हाथ उठाकर भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर का अभिवादन किया और उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाकर तीसरी बार लोकसभा में भेजने का भरोसा दिलाया। समारोह में उमड़ी भीड़ से गद्गद् भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि वह फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र को मंदिर मानते है, जबकि यहां रहने वाले लोग उनके लिए भगवान के समान है और वह सदैव उनके सुख-दुख में शामिल होते रहे है। उन्होंने कहा कि जितना विकास उन्होंने अपने दस वर्षो के सांसद काल में किया है, उतना विकास किसी भी सांसद ने आज तक जिले का नहीं किया, इसलिए आप अपने विवेक रुपी तराजू में पूर्व सांसदों के कार्यो तथा मेरे द्वारा कराए गए विकास कार्यो को तौलना, जिसका भार ज्यादा हो, उसे समर्थन देना और मैं यह विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मैंने इस लोकसभा क्षेत्र में भरपूर विकास करवाया है। उन्होंने फरीदाबाद के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि आज शहर की अधिकांश सडक़ें सीमेंटिंड बनाई जा रही है, हर चौक-चौराहे का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, लोगों को मीठा जल उपलब्ध करवाया जा रहा है, जल निकासी के लिए सीवरेज सिस्टम को बेहतर बनाया गया है, बाईपास रोड के सौंदर्यीकरण का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है, ग्रेटर फरीदाबाद नए स्वरुप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि वह दावा करते है कि आने वाले कुछ सालों में फरीदाबाद जिला विकास की दौड़ में न केवल हरियाणा बल्कि देश के महानगरों की श्रेणी में शुमार होगा और यहां रहने वाले हर व्यक्ति को बेहतरीन मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होगी। श्री गुर्जर ने कहा कि यह चुनाव राष्ट्रहित का चुनाव है इसलिए इस चुनाव में हमें किसी के झूठे बहकावे में नहीं आना बल्कि विकास की जननी भारतीय जनता पार्टी को फिर से सत्ता में लाने के लिए मतदान करना है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया है कि भारत निर्माण में अपना योगदान दें और अधिक से अधिक मतदान करके देश में फिर से नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले। इस मौके पर शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा ने अपने संबोधन में सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर द्वारा किए गए विकास कार्यो के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी देते हुए कहा कि फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी का दर्जा दिलवाकर श्री गुर्जर इस जिले को नया स्वरुप देने का काम किया है और जितना विकास उन्होंने दस वर्षो में इस जिले का किया है, उतना विकास आज तक किसी भी सांसद ने नहीं किया और इसी विकास की बदौलत कृष्णपाल गुर्जर लगातार तीसरी बार जीत की हैट्रिक बनाएंगे और रिकार्ड मतों से विजयी होकर नया कीर्तिमान रचेंगे।

# सुनील तेवतिया ने भरा इनैलो प्रत्याशी के रूप में नामांकन


अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 04 मई।** हरियाणा के पूर्व मुख्य संसदीय एवं इनैलो के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्याम सिंह राणा ने आज शनिवार को सेक्टर-12 स्थित जिला सचिवालय में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से इनेलो प्रत्याशी सुनील तेवतिया का नामांकन दाखिल कराया। इस मौके पर फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, कार्यकारी जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तेवतिया, पलवल के जिलाध्यक्ष अजीत बॉबी व प्रदेश महासचिव महेन्द्र चौहान भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इसके उपरांत बल्लभगढ़ के सेक्टर-3 स्थित राजा नाहर सिंह पैलेस के समक्ष ग्राउंड में आयोजित लोकसभा क्षेत्र की आयोजित एक विशाल जनसभा में उनका जोरदार स्वागत किया गया। सभा में इनैलो के प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय चौटाला के प्रतिनिधि के तौर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे श्याम सिंह राणा ने कहा कि भाजपा के कुशासन से तंग आकर आज फिर से प्रदेश के लोग चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के शासन को याद कर रहे हैं। क्योंकि पूर्व उप.प्रधानमंत्री स्व. चौधरी देवीलाल और पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की सरकारों में प्रदेश की जनता के हित में लिए गए फैसलों आज भी सराहनीय हैं। चाहे वह बुजुर्ग पैंशन हो या फिर गांव की चौपाल पर बैठक फैंसले लेना रहा हो वहीं किसानों के कर्ज माफ करने की बात हो। उन्होंने कहा कि विधायक अभय सिंह चौटाला ने पिछले दिनों भाजपा के कुशासन के खिलाफ पदयात्रा निकाल हरियाणा में सत्ता परिवर्तन की हुकार भरी थी जिसके बाद आज प्रदेश में चारों ओर बदलाव की हवा चल निकली है क्योंकि आज हरियाणा का अमजन भाजपा राज के अत्याचारों से दुखी व परेशान हैं। किसान, छोटा व्यापारी, युवा, महिला, कमेरा वर्ग व कर्मचारी दुखी व परेशान हैं और उन्होंने भाजपा को हराने का पक्का मन बना लिया है। लोकसभा क्षेत्र के इनैलो प्रत्याशी सुनील तेवतिया ने अपने संबोधन में कहा कि इनैलो ही सही मायनों में स्व. ताऊ देवीलाल के सपनों की पार्टी है और लोग विधायक अभय चौटाला की बात पर विश्वास करते हैं। क्योंकि अभय चौटाला हमेशा प्रदेश के हर वर्ग की आवाज को बुलंद किया है।

## दैनिक पंचांग

**05 मई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.00 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मिथुन | 07.58 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.12 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.28 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.40 बजे से |
| शुक्र | मेष में | तुला | 16.51 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.05 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.21 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.26 बजे से |
| राहुकाल | 4.30 से 6.00 बजे तक | कुंभ | 01.13 बजे से |
| | | मीन | 02.46 बजे से |
| | | मेष | 04.16 बजे से |

**रविवार** 2024 वर्ष का 126 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 17.42 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 19.57 बजे को समाप्त। **योग** वैधृति 07.37 बजे तदनन्तर विष्कुम्भ 04.03 बजे रात्र को समाप्त। **करण** कौलव 07.12 बजे, तैतिल 17.42 बजे तदनन्तर गर 04.12 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 16° 20'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871970
**जूलियन दिन** 2460435.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल **तारीख** 25
**विशेष** प्रदोष व्रत, विश्व हास्य दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का राशिफल

| | | |
|---|---|---|
| मेष राशि :- कुछ विद्युत कार्य करेगा, कुटुम्ब में घोर अशांति बनेगी, कार्य बना लें। | वृष राशि :- स्त्री वर्ग से चिन्ता, तनाव, क्लेश तथा मानसिक उद्विघ्नता अवश्य ही बनेगी, ध्यान दें। | मिथुन राशि :- तनाव, क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम तथा अनावश्यक उद्विघ्नता बनेगी। |
| कर्क राशि :- भाग्य का सितारा साथ देगा, बिगड़े कार्य अवश्य ही बन जायेंगे, योजना बनेगी। | सिंह राशि :- आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा तथा कार्य में सुधार अवश्य ही होगा। | कन्या राशि :- क्लेश व अशांति, कार्य-व्यवसाय में बाधा अवश्य होगी, भ्रमण होगा। |
| तुला राशि :- मानसिक उद्विघ्नता, स्वास्थ्य नरम रहेगा, धन का व्यर्थ व्यय होगा। | वृश्चिक राशि :- तनाव, क्लशे व अशांति, मानसिक बेचैनी, धन का व्यर्थ व्यय होगा। | धनु राशि :- चिन्तायें कम हों, इष्ट मित्र सुख वर्धक होंगे, तनाव, क्लेश व अशांति अवश्य बनेगी। |
| मकर राशि :- धन कष्ट, व्यय, चोटादि की संभावना, सतर्कता बरतें, समय का ध्यान रखें। | कुंभ राशि :- कार्य-कुशलता से संतोष एवं समृद्धि के योग अवश्य ही बनेंगे, ध्यान दें। | मीन राशि :- भाग्य का सितारा मंद रहे, तनाव, क्लेश व अशांति होगी, ध्यान दें। |

# पुलिस उपायुक्त एनआईटी ने लोकसभा चुनाव को लेकर निकाला फ्लैग मार्च, लोगों से की बढ़-चढ़ कर मताधिकार का प्रयोग करने की अपील

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 04 मई।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के द्वारा लोकसभा चुनाव के चलते दिए गए दिशा निर्देश के तहत चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस द्वारा आईटीबीपी टीम के साथ मिलकर डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एनआईटी जोन में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखना के लिए जागरूक किया। इस फ्लैग मार्च में एसीपी एनआईटी, सारन , एस.जी.एम नगर , डबुआ , एन.आई.टी , कोतवाली , मुजेसर व प्रभारी चौकी पर्वतीय कालोनी , संजय कालोनी , टाउन न 0 3 , सैक्टर 55 , सैक्टर 21 डी व सैनिक कालोनी के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले के पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह, एसीपी एनआईटी और आटीबीपी अर्धसैनिक बल के साथ एनआईटी जोन के फ्लैग मार्च का काफिला सहायक पुलिस आयुक्त एन.आई.टी फरीदाबाद कि निगरानी में डी.सी.पी. एन.आई.टी कार्यालय से चलकर बी.के. चौक गोल चक्कर हाडवेयर चौक ?प्याली चौक ? डबुआ चौक श्रीराम स्कूल 60 फुट रोड़ से पैदल मार्च चाचा चौक बाबा मण्डी सरूरपुर चौक से गाड़ी द्वारा ङ्क संजय कालोनी नाले की पटरी मछली मार्केट 33 फुट रोड़ संजय कालोनी गौछी सैक्टर 56 राजीव कालोनी सैक्टर 55 सोहना रोड़ 22/23 चौक मुजेसर वाले रोड से मुजेसर फाटक – बाटा फलाई ओवर सामने से नीलम चौक सलुजा पेट्रोल पंप 5 न 0 मार्केट सी . पी . एन.आई.टी कार्यालय तक फ्लैग मार्च निकाला। इस फ्लैग मार्च का मकसद मतदाताओं में विश्वास जगाना और उन्हें भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना था। दरअसल, फ्लैग मार्च शहर के प्रमुख मार्गो व गांव से होकर गुजरा, जिसमें पुलिस के जवान, अर्धसैनिक बल के अधिकारी शामिल थे।

### अफवाहों पर ना दें ध्यान

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव में भाग लें। यदि उन्हें किसी भी तरह की समस्या का सामना करना पड़े तो वे तुरंत पुलिस प्रशासन को 112 पर सूचित करें। साथ ही उन्होंने असमाजिक तत्वों को साफ आगाह किया को अगर चुनाव में किसी तरह के असमाजिक कार्य करने की मंशा रखते है तो संभल जाए वरना पुलिस सख्त से कदम उठाएगी।

# कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह के पक्ष में धौज में उमडा जनसैलाब

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 04 मई।** कांग्रेस विधायक दल हरियाणा के उप-नेता एवं पूर्व केबिनेट मंत्री आफताब अहमद ने कहा कि भाजपा ने देश का ताना-बाना खराब कर दिया है इसलिए आज आज लोकतंत्र और प्रजातंत्र दोनों ही खतरे में है। देश-प्रदेश में शांति और सोहार्द बनाने के लिए इंडिया गठबंधन को सत्तासीन करना जरूरी है। क्योंकि भाजपा देश में जाति-धर्म, हिंदु-मुस्लिम और मंदिर मस्जिद की बात कर लोगों का बांटने का कार्य कर रही है। लोगों ने विकास के लिए देश में भाजपा की सरकार बनाई थी मगर सत्ता में मद ये भाजपाई रास्ते से भटक गए हैं ऐसे इनके अहंकार को वोट की चोट से जवाब देने का सही वक्त अब आ गया है, जिससे कि इन्हें आमजन की वोट की ताकत का अहसास हो सके। आफताब अहमद शनिवार को फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के गांव धौज में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सभा में आसपास के 8 गावों के हजारों की संख्या में लोगों ने एकजुट हो सभी की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी अपने बाबू जी महेन्द्र प्रताप सिंह को पगडी बांधकर भारी मतों से विजयी बनाने का आश्वासन दिया। वहीं इस मौके पर पूर्व केबिनेट मंत्री आफताब अहमद को भी समाज की ओर से पगडी बांधकर सम्मान किया गया। सभा में जजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हाजी अख्तर हुसैन ने जजपा छोडकर अपने समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान भी किया।

पूर्व मंत्री आफताब अहमद ने उपस्थित मौजिज सरदारी से भावनात्मक तौर पर जुडते हुए कहा कि आज वह अपने ननिहाल में नाना-मामाओं से बाबू महेन्द्र प्रताप सिंह के लिए वोट मांगने आए हैं जबकि वह आजतक यहां अपने वालिद खुर्शीद अहमद के लिए भी कभी नहीं आए। क्योंकि बाबू महेन्द्र प्रताप जहां उच्च व्यक्तित्व के धनी हैं वहीं वह एक पंचायती व्यक्ति के साथ-साथ ईमानदारी के धनी हैं, आप इनके बारे में भली भांति जानते हैं क्योंकि इन्होंने 5 बार विधायक और केबिनेट मंत्री रहते हुए हमेशा आपके दुख-दर्द में सांझादारी निभाई है। अब हमारा भी फर्ज बनता है कि हमसब एकजुट होकर इन्हें संसद में भेजें।

## एक नजर

### 580 ग्राम गांज सहित आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने किया गिरफ्तार

**अटल हिंद संवाददाता/फरीदाबाद, 04 मई।** पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियो की धर पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-85 प्रभारी की टीम ने नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी त्रिपुरारी उर्फ संजू( 35 ) निवासी सरपंच चौक नगला पार्ट -2 सारन का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से रेड कर सारन चौक से काबू किया है आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 580 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सारन में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी करीब 1 महिने से गांजा बेचने का काम करता है। आरोपी गांजा को मदनपुर खादर में किसी व्यक्ति से 6000/-रु में खरीद कर लाया था। आरोपी पहले केले बेचने का काम करता था। जो काफी नुकसान होने पर आरोपी ने नशा बेचने का काम शुरु किया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

### गौकशी करते हुए 2 आरोपियो को थाना धौज की टीम ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**अटल हिंद संवाददाता/फरीदाबाद, 04 मई।** पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए थाना धौज प्रबंधक इंस्पेक्टर शिव चरण की टीम ने गौकशी करते हुए 02 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलसि प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में शाकिब और असलम का नाम शामिल है। आरोपी शाकिब गांव टिकरी खेडा फरीदाबाद का तथा आरोपी असलम गांव मढी नुहूं का रहने वाला है। दोनों आरोपियो पुलिस टीम सब इंस्पेक्टर सुन्दर एएसआई सतीश मुख्य सिपाही राजकुमार, गजेश, सिपाही देवेन्द्र और एसपीओ नेनपाल अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गांव टिकरी खेडा एरिया से दो आरोपियो को काबू किया है। कुछ आरोपी मौके से फरार हो गए थे। आरोपियो से मौके पर हथियार चाकू, छुरी, कुल्हाडी इत्यादि सामान व दो मोटरसाइकिल बरामद हुआ है। आरोपियो के खिलाफ थाना धौज में गौकशी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शाकिब पर पहले भी गौकशी के थाना धौज मे 3 मुकदमें व 1 मुकदमा थाना सेक्टर-1 में दर्ज है। आरोपी असलम पर भी नुहूं में 1 मुकदमा दर्ज है। आरोपी असलम गांव टिकरी खेडा में रहता है। दोनों आरोपियो को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। अन्य आरोपियो की तलाश जारी है। आरोपियो को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### 6.64 स्मैक सहित आरोपी को अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने किया गिरफ्तार

**अटल हिंद संवाददाता/फरीदाबाद, 04 मई।** पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप की टीम ने नशा तस्करी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी साकिर नहेरु कॉलोनी का रहने वाला है।

# बीजेपी की तानाशाही से तंग आ चुकी जनता : वरुण चौधरी

अटल हिंद संवाददाता



चंडीगढ़,04 मई। अम्बाला लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार वरुण चौधरी ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। वरुण ने शनिवार को कालका विधानसभा के गांव मढ़ावाला, करणपुर, खेड़ावाली, टगरा, सयूडी, कालका काली माता मंदिर, धमाला, भोगपुर खेड़ा, पिंजौर के चौणा चौक पर दौरा किया और जनता से वोट की अपील की। इस मौके पर उन्होंने पिंजौर में अपने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन भी किया। इस दौरान वरुण चौधरी ने कांग्रेस की जीत का दावा किया। वरुण चौधरी ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी की तानाशाही से लोग तंग आ चुके हैं। बीजेपी से तंग आ चुके लोग कांग्रेस को चुनेंगे। अब कांग्रेस का माहौल है वरुण चौधरी ने कहा की कालका की लाइफलाइन कहे जाने वाली एचएमटी फैक्ट्री, सीमेंट फैक्ट्री भाजपा राज में बंद हुई। रोजगार देने के बड़े बड़े दावे करने वाली भाजपा ने कालका के लोगो को बेरोजगार करने का काम किया। कांग्रेस विधायक प्रदीप चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने राज में एक काम जरूर किया है जो है जनता को लाइन में लगना चाहे वो नोटबंदी के समय बैंकों के आगे लगी लाइन हो या फिर फैम्ली आईडी बनाने के नाम पर लोगो की सरकारी कार्यालयों में लगी लाइन की बात हो। भाजपा ने जनता पर बोझा डाला और पोर्टल पोर्टल खेला जनता को पोर्टल के नाम पर परेशान करने का काम किया। उन्होंने कहा की अब जनता वोट की चोट से भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगी । भाजपा की सरकार पहली ऐसी सरकार हैं जिसने जनता की समस्याओं को बढ़ाने का काम किया। जिस जिस ने आवाज उठाई उनकी आवाज को दबाने का काम किया। भाजपा जैसी तानाशाही किसी भी सरकार में नहीं हुई। उन्होंने कहा कि चुने हुए प्रतिनिधियों पर लाठियां चलाई गई। भाजपा सरकार ने नंबरदारो की नियुक्ति पर रोक लगाई। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के पंचकूला से जिलाध्यक्ष रंजीत उप्पल ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म करना चाहती हैं। उन्होंने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार वरुण चौधरी के पक्ष में वोट की अपील की।

# पानीपत में हनीट्रैप मामला~ महिला समेत तीन आरोपी गिरफ्तार, अश्लील वीडियो बनाकर युवक से ठगे साढ़े 58 लाख रुपये

अटल हिंद संवाददाता



चंडीगढ़,04 मई( ) पानीपत में हनीट्रैप मामले में पुलिस ने महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने महिला को न्यायिक हिरासत और बाकी दो आरोपियों को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। हरियाणा के पानीपत में हनीट्रैप मामले में पुलिस ने महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को पुलिस ने तीनों कोर्ट में पेश किया था। जहां से कोर्ट ने महिला को न्यायिक हिरासत और दोनों युवकों को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। युवक ने बताया कि महिला ने उसे अपने कमरे पर बुलाकर नशीला पदार्थ पिला दिया। जिसके बाद उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके महिला ने युवक की अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 58 लाख 55 हजार रुपये की जबरन वसूली कर ली। इसके बाद आरोपी ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने युवक की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पानीपत सीआईए श्री पुलिस ने महिला और उसके दो साथियों को पानीपत की हरिसिंह कॉलोनी से गिरफ्तार किया। अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल~ सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि युवक की अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी करीब 1 साल से जबरन वसूली कर रहे थे. 2 मई वीरवार को आरोपियों ने युवक को फोन कर धमकी दी और 15 हजार रुपये मांगे। युवक ने पैसों की फोटो खींचकर हरि नगर में उनके कमरे पर दे दिए। इसके बाद पुलिस को इसकी शिकायत दी। सीआईए श्री पुलिस टीम ने तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की।

पुलिस की टीम हरिसिंह कॉलोनी के कमरे पर दबिश देकर महिला समेत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 15 हजार रुपये बरामद किए। गहनता से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

**क्या है पूरा मामला?** युवक ने थाना पुराना औद्योगिक में शिकायत देकर बताया था कि घर पर उसकी पत्नी मंगलवार और शनिवार को चौकी लगाती है। हरि नगर निवासी महिला मनीषा अपने भाई व भाभी के साथ चौकी पर आती थी। मनीषा ने उसका व पत्नी का फोन नंबर ले लिया। मार्च 2023 में मनीषा का उसके पास फोन आया।

## एक नजर

### उपेंद्र शर्मा को भाजपा ने मोरनी खंड युवा मोर्चा का अध्यक्ष बनाया



**अटल हिंद संवाददाता/चंडीगढ़,04 मई।** पूर्व सरपंच रहे भोज टिपरा के युवा उपेंद्र शर्मा को भाजपा ने मोरनी खंड युवा मोर्चा का अध्यक्ष बनाया है। युवा नेता उपेंद्र शर्मा युवा वर्ग में काफी पसंद किए जाते है। उनकी नियुक्ति को लेकर बीजेपी के नेताओ ने उपेंद्र शर्मा को मोरनी का युवा मोर्चा का अध्यक्ष बनाए जाने पर बहुत बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

### जेजेपी एक आंधी है: निर्माण कपूर



**अटल हिंद संवाददाता/चंडीगढ़,04 मई।** जननायक जनता पार्टी के लोकसभा के उम्मीदवार हरियाणा की दस की दस सीटों पर कांटे की टक्कर देंगे। जो लोग जन नायक जनता पार्टी के उम्मीदवारों को हल्के में ले रहे हैं उन्हें 4 जून 2024 को पता चल जाएगा ये बात जन नायक जनता पार्टी के हरियाणा प्रदेश के लीगल सेल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री निर्माण कपूर एडवोकेट ने कही उन्होंने यह भी कहा की जो जजपा के विधायक बिना इस्तीफा दिए दूसरी पार्टियों की सभा में बैठे पाए जाएंगे उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी जजपा का शीर्ष नेतृत्व उन पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

### एनसीसी निदेशालय द्वारा चंडीगढ़ में इंटर-ग्रुप स्पोर्ट्स शूटिंग चैंपियनशिप की मेजबानी

**अटल हिंद संवाददाता/चंडीगढ़,04 मई।** एनसीसी निदेशालय पंजाब, हरियाणा,हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ (पीएचएचपी एंड सी)के तत्वाधान में इंटर ग्रुप स्पोर्ट्स शूटिंग चैंपियनशिप 2024-25, कैडेटों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए 01 से 10 मई, 2024 तक चंडीगढ़ में आयोजित की जा रही है। यह चैंपियनशिप पीएचएचपी एंड सी एनसीसी महानिदेशालय के अपर महानिदेशक मेजर जनरल मंजीत सिंह मोखा की कमान में आयोजित की गई है। इस अंतर-समूह शूटिंग प्रतियोगिता में प्रादेशिक निदेशालय के आठ समूहों के चौंसठ कैडेटों ने भाग लिया। प्रत्येक समूह में आठ निशानेबाजों ने चंडीगढ़ के सेक्टर 25 में पुलिस फायरिंग रेंज में आयोजित ओपन साइट (पोजीशन प्रोन/थ्री-पोजीशन) के चार मैचों में भाग लिया। चयनित कैडेट 2 जुलाई, 2024 से तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु में आयोजित इंटर डायरेक्टोरेट स्पोर्ट्स शूटिंग चैंपियनशिप में निदेशालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। ब्रिगेडियर हरप्रीत सिंह, ग्रुप कमांडर,एनसीसी ग्रुप मुख्यालय चंडीगढ़ ने पीएचएचपी एंड सी के प्रादेशिक निदेशालय की ओर से प्रतियोगिताओं के लिए कैडेटों का चयन और प्रशिक्षण करने की जिम्मेदारी ली। निदेशालय के भीतर अंतर-बटालियन और अंतर-समूह प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला के माध्यम से कच्ची प्रतिभा की पहचान की गई। इन कैडेटों को सर्वोत्तम शूटिंग गियर के कठोर प्रशिक्षण से गुजरना पड़ा और उन्हें 2 एनसीसी बटालियन चंडीगढ़ के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल परमजीत सिंह के मार्गदर्शन में पेशेवर कोचिंग प्राप्त हुई।

### 85 वर्ष से अधिक उम्र के 4,680 और 3735 दिव्यांग, चुनाव आयोग के अनुसार ये सभी वोटर डाक मतपत्र के जरिये कर सकेंगे मतदान

**अटल हिंद संवाददाता/चंडीगढ़,04 मई।** शहर में 85 वर्ष से अधिक आयु के 4,680 लोग और 3,735 दिव्यांग व्यक्ति हैं, जो डाक मतपत्रों के माध्यम से घरों से अपना वोट डाल सकेंगे। लोकसभा चुनाव में वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के दिशानिर्देशों के अनुसार, जिला निर्वाचन कार्यालय 85 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग व्यक्तियों को घर से वोट डालने की सुविधा प्रदान करेगा। इस सुविधा का उद्देश्य उन मतदाताओं की मदद करना है जो वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों तक नहीं जा सकते हैं लेकिन अपने मतदान के अधिकार को छोड़ना नहीं चाहते। चंडीगढ़ में बड़ी तादाद में रिटायर्ड लोग रहते हैं लिहाजा इस सुविधा से बड़ी तादाद में लोगों को मदद मिलेगी। सुविधा का लाभ उठाने के लिए, दोनों श्रेणियों के मतदाताओं को मतदान तिथि से कम से कम 10 दिन पहले चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर फॉर्म 12-डी भरना होगा। इसके अलावा, जिला निर्वाचन कार्यालय वरिष्ठ नागरिकों को फॉर्म वितरित करने के लिए एक विशेष टीम तैनात करेगा, जिसमें ब्लॉक स्तर के अधिकारी और कर्मचारी शामिल होंगे। वे डाक के माध्यम से भी रिटर्निंग अधिकारी को फॉर्म जमा कर सकते हैं।

#### मतदान के लिए 4 मई से पहले नामांकन करें

शहर के निवासी, विशेष रूप से पहली बार मतदाता जिन्होंने अभी तक मतदान के लिए पंजीकरण नहीं कराया है, वे 1 जून के चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए 4 मई तक अपना नामांकन करा सकते हैं। निवासी मतदाता हेल्पलाइन ऐप या मतदाता पोर्टल के माध्यम से मतदाता सूची में नामांकन के लिए फॉर्म 6 भर सकते हैं, या बस फॉर्म को अपने बूथ स्तर के अधिकारी को सौंप सकते हैं।

# हरियाणा में गैरों से नहीं अपनों से ही परेशान बीजेपी और कांग्रेस? भीतरघात का सता रहा डर!

अटल हिंद संवाददाता




चंडीगढ़,04 मई। हरियाणा में छठे चरण के तहत 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। इसके लिए सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार में जुटी हैं। हरियाणा कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा मुकाबला देखा जा रहा है। चर्चा है कि दोनों पार्टियों के सामने बड़ी चुनौती सामने की पार्टी की बजाय अपनों की बगावत से बचना है। लोकसभा चुनाव को लेकर हरियाणा में इस बार मुख्य मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है। एक तरफ बीजेपी 2019 की तरह सभी दस सीटें जीतने का दावा कर रही है। दूसरी तरफ कांग्रेस बीजेपी को इतिहास बनाने से रोकने के लिए पसीना बहा रही है। इस बीच कांग्रेस के लिए अपनों से खतरा ज्यादा बना हुआ है। हालांकि बीजेपी भी इससे अछूती नहीं है।

दस में से करीब पांच सीट पर कांग्रेस को अपनों से खतरा! लोकसभा चुनाव में हरियाणा कांग्रेस को कुछ सीटों पर अपनों से ही भीतरघात का डर बना हुआ है। इसमें सबसे बड़ी भीतरघात वाली सीट हिसार लोकसभा क्षेत्र की है। जहां पर बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए चौधरी बीरेंद्र सिंह का परिवार है। उन्हें उम्मीद थी कि कांग्रेस उनके बेटे बृजेंद्र को हिसार से टिकट देगी, लेकिन उनकी जगह कांग्रेस ने जयप्रकाश को टिकट दिया है। इसके बाद बृजेंद्र सिंह का टिकट ना मिलने का दर्द मीडिया के सामने आ चुका है। इसकी वजह से हिसार सीट पर पार्टी के लिए उनका रुख चिंता का सबब बन सकता है।

### भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सीटः

दूसरी सीट भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट है। यहां पर पार्टी ने वरिष्ठ नेता किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी को टिकट ना देकर राव दान सिंह को उम्मीदवार बनाया है। जिसके बाद किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी का टिकट ना मिलने का दर्द मीडिया के सामने आया। हालांकि वे खुलकर पार्टी के खिलाफ नहीं बोलीं।वे पार्टी के साथ होने की बात तो कर रही हैं, लेकिन पार्टी को उनसे भी भितरघात का खतरा बना हुआ है।

### फरीदाबाद लोकसभा सीटः

तीसरी सीट फरीदाबाद की है। जहां पर पार्टी ने महेंद्र प्रताप सिंह को मैदान में उतारा है। यहां से टिकट की उम्मीद कर रहे पार्टी के वरिष्ठ नेता और हुड्डा के समधी करण दलाल अपना मुखर रूप दिखा चुके हैं। हालांकि वे टिकट न मिलने के बाद महापंचायत कर अपना रुख भी साफ कर चुके हैं। वो आगे क्या करेंगे। इसका भी इंतजार है।वहीं उनके रुख की वजह से फरीदाबाद लोकसभा सीट पर भी पार्टी को भितरघात का खतरा बना हुआ है।

### गुरुग्राम लोकसभा सीटः

चौथी सीट गुरुग्राम है। यहां पर पार्टी ने राज बब्बर को मैदान में उतारा है। इस सीट पर पार्टी के वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय यादव दावेदारी पेश कर रहे थे, लेकिन पार्टी ने राज बब्बर को मैदान में उतार दिया। कैप्टन राज बब्बर को टिकट मिलने से पहले भी इस मामले में अपना रिएक्शन सोशल मीडिया के जरिए जाहिर कर चुके थे।वहीं उन्होंने रेवाड़ी में गुरुवार अपने कार्यकर्ताओं की बैठक भी बुलाई थी। जिसमें वो खुद तो शामिल नहीं हुए, लेकिन उनके बेटे चिरंजीवी यादव इस बैठक में मौजूद रहे।जिसमें उन्होंने कहा कि वो राज बब्बर का साथ देंगे। भले ही राज बब्बर का साथ देने की बात कर रहे हों, लेकिन अजय यादव खुद इस बैठक में नहीं पहुंचे थे। जो कहीं ना कहीं पार्टी के लिए चिंता का सबब जरूर बन सकते हैं।

### करनाल लोकसभा सीटः

पांचवी सीट करनाल लोकसभा है। जहां से पार्टी के वरिष्ठ नेता कुलदीप शर्मा के बेटे चाणक्य पंडित दावेदार थे।पार्टी के राष्ट्रीय सचिव वीरेंद्र राठौर भी दावेदार थे, लेकिन पार्टी ने टिकट यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा को दे दिया। इसके बाद अब कांग्रेस को भितरघात का खतरा इस सीट पर भी बना हुआ है। बीजेपी की भी राह नहीं आसान! ऐसा नहीं है कि कांग्रेस के लिए ही भितरघात का खतरा बना हुआ है। बीजेपी के लिए भी अपने नेताओं की नाराजगी के साथ किसानों की तरफ से हो रहा विरोध परेशानी का सबब बना हुआ है। बीजेपी के लिए सबसे बड़ी चिंता हिसार सीट बनी हुई है। भले ही पार्टी का कोई भी नेता कोई बयान पार्टी विरोधी ना दे रहा हो, लेकिन इस सीट पर चुनाव लड़ने की चाह रखने वाले कैप्टन अभिमन्यु पार्टी के लिए अभी तक पहेली बने हुए हैं। हालांकि उनके पास असम का प्रभार है। वे वहां व्यस्त हैं। इसके अलावा पार्टी नेता कुलदीप बिश्नोई भी इस सीट पर दावेदार थे, वे भी टिकट ना मिलने से नाराज दिखाई दिए। हालांकि मुख्यमंत्री दिल्ली में उनके घर पर गए थे, इसके बाद भव्य बिश्नोई को युवा मोर्चा का प्रभारी बनाया गया। इसके बावजूद रणजीत सिंह चौटाला के नामांकन पर कुलदीप बिश्नोई नहीं पहुंचे।


### बीजेपी से अनिल विज नाराज!

बीजेपी के लिए बड़ी परेशानी अंबाला सीट पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री अनिल विज की नाराजगी भी बनी हुई है। हालांकि वे पार्टी के मंचों पर अंबाला में अपने लोकसभा क्षेत्र में दिख रहे हैं, लेकिन उनका दर्द वे सार्वजनिक मंचों से भी जाहिर कर रहे हैं। ऐसे में उनकी नाराजगी पार्टी के लिए इस सीट पर चिंता का सबब बनी हुई है। बीजेपी के लिए सिरसा सीट भी चुनौती बनी हुई है। सिरसा लोकसभा सीट पर पार्टी ने वर्तमान सांसद सुनीता दुग्गल का टिकट काटकर आप से बीजेपी में आए डॉक्टर अशोक तंवर को उम्मीदवार बनाया है। सुनीता दुग्गल भी अपना दर्द बयां कर चुकीं हैं। हालांकि वे भी खुलकर कुछ बोल नहीं पा रही हैं। वहीं किसानों के विरोध का सामना अशोक तंवर को भी करना पड़ रहा है। ऐसे में इस सीट से पार्टी के लिए अशोक तंवर को लोकसभा तक पहुंचा आसान नहीं है। वहीं कुरुक्षेत्र सीट पर पार्टी ने आखिरी वक्त में पार्टी में शामिल हुए कांग्रेस के नेता रहे नवीन जिंदल को मैदान में उतारा है। यहां पर पहले तो पार्टी के नेताओं में इस बात को लेकर नाराजगी की चर्चा रही, लेकिन धीरे धीरे स्थिति अब सामान्य दिखाई दे रही है।यहां पर भी किसानों का विरोध का पार्टी को सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में इस सीट पर भी स्थिति एक तरफा दिखाई नहीं दे रही है।

### क्या कहते हैं राजनीतिक जानकार?

कांग्रेस और बीजेपी के भीतरघात के खतरे पर राजनीतिक मामलों के जानकार धीरेंद्र अवस्थी ने कहा ÷कांग्रेस हो या बीजेपी दोनों दलों के लिए इस वक्त हरियाणा में अपनों का खतरा कमोबेश एक सा बना हुआ है। फर्क सिर्फ इतना है कि कांग्रेस के नेता जहां अपने स्तर मंच से अपना दर्द बयां कर रहे हैं।वहीं बीजेपी के वरिष्ठ नेता अनिल विज हो या फिर रामबिलास शर्मा। खुलकर पार्टी के बड़े नेताओं के सामने अपना दर्द बयां कर रहे हैं। बीजेपी अब मनोहर लाल के आस पास घूम रही है, वहीं कांग्रेस के पास अभी हुड्डा के अलावा कोई विकल्प नहीं है। ऐसे हालात में दोनों दलों के लिए अपने चिंता का सबब तो जरूर बने हुए हैं। राजनीतिक मामलों के जानकार प्रोफेसर गुरमीत सिंह ने कहा कांग्रेस हो या बीजेपी अभी लगभग दस में से आधी सीटों पर अपनों के भीतरघात से डरे हुए हैं, हालांकि मुख्य मुकाबला ही इन्हीं में दिखाई देता है। जो नेता दोनों पार्टियों के अपना दर्द मीडिया में और मंचों से जाहिर कर रहे हैं, वे भले ही ये भी कह रहे हों कि वे अपनी अपनी पार्टी के साथ खड़े हैं, लेकिन उनका संदेश उनके समर्थकों में तो जा ही रहा है। इस वजह से दोनों दलों को चुनाव के आगे बढ़ने से पहले अपनों को मनाना चुनौती होगा। नहीं तो वे किसी न किसी स्तर पर तो नुकसान कर ही सकते हैं।

# आप ने हरियाणा के लिए 40 स्टार प्रचारक उतारे; केजरीवाल और मनीष सिसोदिया का भी नाम


Aam Aadmi Party

To,
The Secretary
Election Commission of India
Niravachan Sadan,
New Delhi

Dated: 04.05.2024

16. Harpal Singh Cheema
17. Aman Arora
18. Anmol Gagan Maan
19. Chetan Singh Jormajra
20. Harjot Singh Bains

36. Ashwini Dhulera
37. Ravinder Singh Matru
38. Randeep Rana
39. Dr. Rajnish Jain
40. Raj Kaur Gill

Kindly approve the same.

Yours sincerely
(Bipul Dey)
Nodal Person with ECI
AAM AADMI PARTY

Copy: C E O – Haryana

अटल हिंद संवाददाता

चंडीगढ़, 04 मई। लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर राजनीतिक पार्टियां कोई कमी नहीं छोड़ना चाहतीं। पार्टियां प्रचार-प्रसार में पूरा जोर कसे हुए हैं। वहीं आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और हरियाणा के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है।

खास बात यह है कि, इस लिस्ट में तिहाड़ जेल में बंद सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ मनीष सिसोदिया व सत्येन्द्र जैन का भी नाम है। साथ ही केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी स्टार प्रचारकों में शामिल हैं। बीते दिनों भी सुनीता केजरीवाल को दिल्ली और गुजरात में चुनाव प्रचार करते देखा गया है। केजरीवाल के पीछे वह राजनीति में सक्रिय हो रहीं हैं।

**स्टार प्रचारकों में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी**

इन सबके के अलावा आप के स्टार प्रचारकों में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, सांसद संजय सिंह, राघव चड्ढा, दिल्ली के मंत्री गोपाल राय, आतिशी, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत और अन्य नेताओं के नाम शामिल हैं। सीएम भगवंत मान के अलावा पंजाब के कई मंत्री भी हरियाणा में आम आदमी पार्टी के लिए प्रचार करने उतरेंगे।

मालूम रहे कि, हरियाणा में 10 लोकसभा सीटें हैं। इन सीटों पर छठे चरण में 25 मई को वोटिंग होनी है। वहीं राजधानी दिल्ली में 7 लोकसभा सीटों हैं। इन सीटों पर भी 25 मई को ही वोट पड़ेंगे।

# हरियाणा की इस लोकसभा सीट पर सभी बड़ी पार्टियों के उम्मीदवार खुद को नहीं डाल पाएंगे वोट

## हिसार सीट पर सभी प्रमुख उम्मीदवार बाहरी

अटल हिंद संवाददाता



चंडीगढ़,04 मई। क्या आप जानते हैं एक लोकसभा सीट ऐसी है, जहां पर सभी बड़ी पार्टियों के उम्मीदवार बाहरी हैं, इसलिए वो खुद को भी अपना वोट नहीं दे सकते।ये सीट है हरियाणा की हाई प्रोफाइल हिसार लोकसभा सीट।

आइये आपको बताते हैं उम्मीदवारों के बारे में इस लोकसभा सीट पर बीजेपी-कांग्रेस समेत सभी प्रमुख उम्मीदवार खुद को भी नहीं डाल पाएंगे वोट। हरियाणा की हाई प्रोफाइल हिसार लोकसभा सीट पर मुकाबला दिलचस्प हो गया है. हरियाणा में पहली बार एक सीट पर पूरा देवीलाल परिवार आमने-सामने हैं। इस चुनाव की सबसे खास बात ये है कि हिसार लोकसभा सीट पर बीजेपी और कांग्रेस समेत सभी प्रमुख उम्मीदवार बाहरी हैं और वो खुद भी वोट नहीं डाल सकते।

**रणजीत सिंह चौटाला-** हिसार लोकसभा सीट पर बीजेपी के उम्मीदवार रणजीत चौटाला हैं। रणजीत चौटाला का आवास सिरसा की राम कालोनी में है। उनका वोटर कार्ड भी इसी के पते पर है। रणजीत चौटाला देवीलाल के बेटे हैं। इसी साल मार्च में उन्होंने बीजेपी ज्वाइन की और तुरंत उन्हें बीजेपी से लोकसभा का टिकट मिल गया। वो सिरसा की रानियां सीट से विधायक थे।

**2. सुनैना चौटाला-** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने सुनैना चौटाला को रणजीत चौटाला के मुकाबले उतारा है।सुनैना भी सिरसा के डबवाली हलके में रहती हैं और वहीं की वोटर हैं। इसलिए उनका वोट भी सिरसा में पड़ता है। इसलिए सुनैना भी इस चुनाव में खुद को वोट नहीं दे सकती है। सुनैना चौटाला देवीलाल के बेटे प्रताप चौटाला की बहू और रवि चौटाला की पत्नी हैं।

**3. नैना चौटाला-** हिसार सीट पर जेजेपी से नैना चौटाला चुनाव लड़ रही हैं।नैना चौटाला अजय चौटाला की पत्नी हैं।उनका परिवार बरनाला रोड पर मिनी बाईपास स्थित चौटाला हाउस में रहता है।अजय चौटाला का पूरा परिवार सिरसा यहीं का वोटर है। नैना का वोटर आईडी कार्ड भी सिरसा का बना हुआ है। इसलिए नैना भी खुद को वोट नहीं डाल सकतीं। नैना चौटाला देवीलाल के बेटे ओपी चौटाला की बहू और अजय चौटाला की पत्नी हैं। अजय चौटाला ने इनेलो से अलग होकर जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) बनाई है।

**4. जय प्रकाश-** हिसार लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर जय प्रकाश मैदान में हैं। जय प्रकाश जेपी मूल रूप से कैथल जिले के कलायत हलके के रहने वाले हैं। उनका वोट भी कलायत में पड़ता है। जेपी कलायत से विधायक भी रहे हैं. वो हिसार से तीन बार (1989, 1991, 2004) में सांसद रह चुके हैं। उन्हें भूपेंद्र सिंह हुड्डा का करीबी माना जाता है। बीजेपी छोड़कर हाल ही में कांग्रेस में आये मौजूदा सांसद बृजेंद्र सिंह का टिकट काटकर कांग्रेस ने जेपी पर भरोसा जताया है।

### पहली बार पूरा देवीलाल परिवार आमने-सामने

हरियाणा की हिसार लोकसभा सीट पर इस बार पूर्व उपप्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल के तीन बेटों का परिवार आपस में जंग लड़ रहा है। एक तरफ चाचा ससुर हैं तो दूसरी तरफ देवरानी और जेठानी मैदान में हैं। वैसे तो देवीलाल परिवार के सदस्यों के बीच पहले भी मुकाबले हो चुके हैं, लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है, जब एक ही सीट पर तीन बेटों का परिवार आमने-सामने है।

### हरियाणा में कुल 10 लोकसभा सीटें हैं

हरियाणा में कुल 10 लोकसभा सीटें हैं. सभी सीटों पर एक चरण में 25 मई को मतदान होगा। लोकसभा चुनाव की मतगणना 4 जून को होगी। 2019 चुनाव में बीजेपी ने सभी 10 लोकसभा सीटें जीती थीं। लेकिन राजनीति के जानकारों का कहना है कि इस बार बीजेपी के लिए सभी सीटें जीतना मुश्किल है।इस चुनाव में कई सीटों पर कड़ा मुकाबला है। हिसार लोकसभा सीट भी इनमें से एक है।

# संपादकीय

## मतदाता का अधिकार है मतदान, निर्वाचित प्रतिनिधि को मिलते हैं मतदाताओं के अधिकार

भारतीय संविधान में मतदाताओं को अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार दिया गया है। निर्वाचित प्रतिनिधि अपने संसदीय अथवा विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के अधिकार का प्रयोग करते हुए संसद और विधानसभा में जो भी कानून बनाए जाते हैं उसमें मतदान करते हैं। बहुमत के आधार पर लोकतांत्रिक व्यवस्था के कानून और नियम बनाने के अधिकार मिलते हैं। जब भी संसद और विधानसभा में कानून बनाए जाते हैं, बहुमत के आधार पर कानून और नियमों को स्वीकृति प्रदान की जाती है। तभी वह लागू होते हैं। मतदाता जब तक अपने इस अधिकार को गंभीरता के साथ नहीं समझेगा तब तक उसके साथ हमेशा इसी तरह का धोखा होता रहेगा जैसा कि पिछले वर्षों से होता चला आ रहा है। मतदान केवल मतदाता का कर्तव्य नहीं है। मतदान उसका अधिकार है। केंद्र एवं राज्य में जो भी सरकारें बनती हैं, उसमें मतदाता और राजनीतिक दलों की बड़ी भूमिका होती है। क्योंकि मतदाता के मतदान करने के बाद जिस पार्टी को बहुमत मिलता है, उसी की केंद्र एवं राज्य में सरकार बनती है। वही बहुमत के आधार पर सरकार बनाती है। मतदाताओं को संविधान की बुनियादी बातों को समझना बहुत जरूरी है। मतदाताओं को उनके अधिकार से भी परिचित कराया जाना जरूरी है। जब कोई भी राजनीतिक दल मतदाताओं के लिए घोषणा पत्र जारी करता है। चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार मतदाताओं को क्षेत्र का विकास करने और क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने का जो आश्वासन देता है। मतदाता उसी से प्रभावित होकर अपना वोट उसके पक्ष में देता है। मतदाता राजनीतिक दल की विचारधारा, राजनीतिक दल के घोषणा पत्र में किए गए वायदे और उम्मीदवार द्वारा किए गए वायदों को ध्यान में रखते हुए अपना मत देता है। उसे संसदीय या विधानसभा क्षेत्र से बहुमत के आधार पर वह चुनाव जीतता है। लोकसभा और विधानसभाओं में उस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है। निर्वाचित प्रतिनिधि और राजनीतिक दल यदि मतदाताओं से जो वायदे किए गए थे जिस विचारधारा के आधार पर उससे मत मांगा गया था यदि वह उसके विपरीत जाकर काम करता है तो वह मतदाताओं के साथ एक तरह की धोखाधड़ी है। निर्वाचित सांसद अथवा विधायक राजनीतिक दल को छोड़कर दूसरे दल में जाता है, तो यह मतदाताओं के साथ धोखाधड़ी है। इसी तरीके से निर्वाचित प्रतिनिधि यदि अपने वायदे से मुकर जाता है, तो यह भी मतदाताओं के साथ एक तरह की धोखाधड़ी है। मतदाताओं को अपने इस अधिकार को समझते हुए मतदान करना चाहिए। मतदाता सजग होगा तो राजनीतिक दल और निर्वाचित प्रतिनिधि मतदाताओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझेंगे निर्वाचित प्रतिनिधि नैतिकता के साथ काम करेंगे। संविधान ने नागरिकों को जो मौलिक अधिकार दिए हैं। कोई भी सरकार इन अधिकारों को कम या खत्म नहीं कर सकती है। संविधान की मूल संरचना या आत्मा निष्पक्ष चुनाव कराने और हर नागरिक के अधिकारों को सुरक्षित बनाने का काम करती है। इस अधिकार की रक्षा करना मतदाता का ही कर्तव्य और अधिकार है। जब मतदाता अपने कर्तव्य और अधिकार को समझ लेगा सही मायने में तभी वह सही सरकार को चुन पाएगा। तभी उसके मौलिक अधिकार सुरक्षित रह पाएंगे। भारतीय नागरिकों को चाहे वह किसी भी जाति, धर्म का स्त्री, पुरुष ट्रांसजेंडर अपंग अथवा किसी भी आयु वर्ग का हो सभी को समान अधिकार दिए गए हैं। संविधान की इस संरचना को बदलने का अधिकार किसी के पास भी नहीं है। यह तभी सुरक्षित रह पाएंगे जब नागरिक स्वयं अपने अधिकारों और मतदान के कर्तव्य को लेकर सजग होंगे।

## अपना दृष्टिकोण

एक कन्या ने अपने पिता से कहा, मैं किसी पुरातत्वविद् से विवाह करना चाहती हूं। पिता ने पूछा, क्यों? कन्या बोली, पिताजी! पुरातत्वविद् ही एक सा व्यक्ति होता है जो पुरानी चीजों को ज्यादा मूल्य देता है। मैं भी ज्यों-ज्यों पुरानी होती जाऊंगी, बूढ़ी होती जाऊंगी, मेरा मूल्य भी बढ़ता जाएगा। वह मेरे से नफरत भी नहीं करेगा। पुरातत्वविद् यह नहीं देखता कि वस्तु कितनी सुन्दर है, कितनी असुन्दर है। वह इतना देखता है कि वस्तु कितनी पुरानी है। यह उसके मूल्यांकन की दृष्टि होती है।

कहने का अर्थ यह कि मूल्यांकन का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है। मूल्यांकन का हमारा भी एक दृष्टिकोण है। अध्यात्म की साधना करने वाले व्यक्ति का अपना एक दृष्टिकोण होता है मूल्यांकन का और वह उसका स्वयं का दृष्टिकोण होता है, किसी से उधार लिया हुआ नहीं। उसका दृष्टिकोण बदले, चरित्र बदले। वह पुराना ही न रहे, नया बने। पुरानेपन का आग्रह छूटे। साधना में पुरातत्वविद् की दृष्टि काम नहीं देती। वहां नयेपन का आयाम खुलता है और सदा नया बना रहने की आकांक्षा बनी रहती है।

प्रत्येक समझदार आदमी का प्रयत्न सप्रयोजन होता है। ध्यान की साधना करने वाले व्यक्ति का साध्य है- रूपान्तरण दृष्टि का रूपान्तरण, चरित्र का रूपान्तरण। अहं को अर्हम् में बदलना। अहं और अर्हम् में केवल एक मात्रा का अन्तर है। साधक अहं को छोड़कर अर्हम् बनना चाहता है। एक मात्रा का अर्जन करना है। अहम् पर ऊर्ध्व र लगे, ऐसा प्रयत्न करना है। तब साधना सफल हो जाती है।

## वैधानिक सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि इस समाचार पत्र में मुद्रित होने वाले किसी भी विज्ञापन पर आपत्ति करने वह कानूनी कार्रवाई करने से पहले विज्ञापन में दी गई शर्तों व नियमों दावों और सेवा के बारे में पूरी तरह से जानकारी हासिल कर जांच पड़ताल कर लें यह दैनिक अटल हिंद समाचार पत्र किसी भी उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विषय में विज्ञापनदाता द्वारा दिए गए दावों का उल्लेख करता है मैं ही पुष्टि करता है ना ही उसके पक्ष में है किसी भी विज्ञापन के संबंध में विज्ञापनदाता उत्तरदायी होगा ना कि दैनिक अटल हिंद समाचार पत्र पूर्व में विज्ञापन के संबंध में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क कर अपना समाधान समय करें समाचार प्रबंधन की सीधी बात के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। **विज्ञापन प्रबंधक**


अटल हिंद

मुद्रक तथा प्रकाशक स्वामी राजकुमार अग्रवाल द्वारा वत्स ऑफसेट, मुद्दा हाउस, सी - ब्लाक बारात घर कोडा, रघुनाथपुर, -32, नोएडा (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर 28, ई ब्लाक, विष्णु मार्केट, अपोजिट ओल्ड बस स्टैंड, कैथल (हरियाणा) से प्रकाशित कराया। संपादक - राजकुमार अग्रवाल, पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कैथल, हरियाणा होगा।) मोबाइल नं0 - 09416111503, 09802153000

ई मेंल- atalhind@gmail.com/ atalhindnews@gmail.com


(विश्व हंसी दिवस, 5 मई, 2024 पर विशेष)

# हंसी ही दुनिया को एकजुट करने में सक्षम

ललित गर्ग

विश्व हास्य दिवस एक उपहार है एवं बिना खर्च के खुशियाँ मनाने एवं हंसकर तनाव दूर करने का विलक्षण एवं अद्भुत दिन है। यह हमें एकजुट करता है, जीवन को बेहतर बनाता है। मई महीने के पहले रविवार को मनाये जाने वाला यह दिन हंसने-हंसाने के बहुत सारे अवसर प्रदत्त कर अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास को सुनिश्चित करता है। हंसने-हंसाने से तन-मन में उत्साह का संचार होता है, वहीं दिल से हंसना भी किसी दवा से कम नहीं है। अध्ययन के मुताबिक, जो लोग अक्सर हंसते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं, बेहतर, समृद्ध और खुश रहते हैं साथ ही उनकी ऊर्जा भी काफी सकारात्मक होती है। दूसरे आप पर हंसकर आपको दुःखी करें, तनाव दें, उससे पहले खुद पर हंसना सीखें। आप खुद अपनी कमियों पर हंसकर उसे अवसर के रूप में देखें। ज्यादातर लोग दूसरों की हंसी को काफी गंभीरता से लेते हैं और दुखी हो जाते हैं। जबकि खुद पर हंसना आपको अधिक संवेदनशील, जुझारू, जीवट वाला, स्वस्थ और अधिक प्रामाणिक होने में सक्षम बनाता है।

विश्व हास्य दिवस मुस्कुराने का बहाना ही नहीं, एक प्रेरणा एवं जिजीविषा है। इस दिन को अमल में लाने का क्रेडिट हास्य योग आंदोलन के संस्थापक डॉ. मदन कटारिया को जाता है। जिन्होंने ही मुंबई में पहली बार 11 जनवरी 1998 को विश्व हास्य दिवस को मनाया था। जिसका खास उद्देश्य समाज में बढ़ते तनाव, अशांति, चिन्ता एवं परेशानियों को कम करके उन्हें सुखी जीवन जीने की सीख देना था। क्योंकि हँसना सभी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक है। हंसी हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। हंसी दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा हंसना कम हो रहा है। इसी पर लेखक मिशेल प्रिटचार्ड कहती हैं, 'हम इसलिए कम नहीं हंसते कि हम बूढ़े हो गए हैं। हम बूढ़े ही इसलिए हुए कि हमने हंसना बंद कर दिया है।'

आज का इंसान अपनी मुस्कुराहट व हँसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियाँ, जैसे- उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि को निमंत्रण दे रहा है। हँसने से ऊर्जा और ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है। शरीर में से दूषित वायु बाहर निकल जाती है। हमेशा खुलकर हँसना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है। साथ ही शरीर में रक्त संचार की गति को बढ़ाता है। इसके अलावा पाचन तंत्र अधिक कुशलता से कार्य करता है। इसलिये डॉक्टर भी हर बीमारी के रोगी के लिये हास्य को उपयोगी बताते हैं। जो लोग हमें हंसाते हैं, वे हमारी स्मृतियों में रच-बस जाते हैं। हम किसी को पसंद या नापसंद कई कारणों से कर सकते हैं। पर लंबे समय तक हमारे प्रेम के हकदार वे लोग बनते हैं, जो हमें हंसाते हैं और हमारे चेहरे की हंसी बन जाते हैं। शायद इसीलिए विक्टर बोर्ग कहते हैं, 'हंसी दो लोगों के बीच की दूरी को पार करने का सबसे छोटा पुल है।' हंसना एक ऐसा बेशकीमती उपहार है, जो कुदरत ने केवल मनुष्य को ही बख्शा है। हास्य एक सार्वभौमिक भाषा है। इसमें जाति, धर्म, रंग, लिंग से परे रहकर मानवता को समन्वय करने की क्षमता है। यह इंसान से इंसान को जोड़ने का उपक्रम है। हंसी विभिन्न समुदायों को जोड़कर नए विश्व का निर्माण करने में सक्षम हैं। यह विचार भले ही काल्पनिक लगता हो, लेकिन लोगों में गहरा विश्वास है कि हंसी ही दुनिया को एकजुट कर सकती है। इसीलिये मार्टिन लूथर ने कहा है कि यदि मुझे स्वर्ग में हंसने की आज्ञा न हो तो मैं स्वर्ग नहीं जाऊंगा।

उदासी और बेचैनियों के बादल छाए रहते हैं, हंसी की धूप खिल नहीं पाती। लेखिका एमिली मिचेल कहती हैं, 'हंसी के बिना बीता दिन, अंधेरे में रहने जैसा है, आप अपना रास्ता ढूंढ़ने की कोशिश तो करते हैं, पर उसे साफ-साफ नहीं देख पाते।' हंसना एक ऐसा सकारात्मक भाव एवं ऊर्जा है जो व्यक्ति के न केवल आंतरिक बल्कि बाहरी स्वरूप को प्रभावी, समृद्धिशाली एवं तेजस्वी बनाता है। हास्य एक शक्तिशाली भावना है जिसमें व्यक्ति को ऊर्जावान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने की क्षमता हैं। यह व्यक्ति के विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में हंसता है तो उसकी हंसी से सकारात्मक ऊर्जा सम्पूर्ण परिवेश में व्याप्त हो जाती है। दुनिया में सुख एवं दुःख दोनों ही धूप-छाँव की भाँति आते-जाते हैं। यदि मनुष्य दोनों परिस्थितियों में हँसमुख रहे तो उसका मन सदैव काबू में रहता है व वह चिंता से बचा रह सकता है। हंसने से आत्मा खिल उठती है। इससे आप तो आनंद पाते ही हैं दूसरों को भी आनंदित करते हैं। हास-परिहास पीड़ा का दुश्मन है, निराशा और चिंता का अचूक इलाज और दुःखों के लिए रामबाण औषधि है। हंसी एक उत्तम टॉनिक का काम करती है। लंदन विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सोफी स्कॉट कहती हैं कि, 'हंसी के द्वारा हमारा अवचेतन मन ये संकेत देता है कि, हम सुकून में हैं और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

जापान में भगवान बुद्ध के शिष्य थे होतेई। वह बड़े अलमस्त स्वभाव के भिक्षुक थे। वह बेहद निर्लिप्त और निरपेक्ष भाव से जीवन जीने में विश्वास रखते थे। वह जिस कार्य को करते, उसमें पूरी तरह डूब जाते थे, तन्मय हो जाते। जापान में ऐसी मान्यता है कि एक बार होतेई मेडिटेशन करते-करते इतने रोमांचित हो गए कि ध्यानावस्था में जोर-जोर से हंसने लगे। इस अद्भुत घटना के उपरांत ही लोग उन्हें लाफिंग बुद्धा के नाम से संबोधित करने लगे। घूमना-फिरना, देशाटन करना, लोगों को हंसाना व खुशी प्रदान करना लाफिंग बुद्धा का ध्येय बन गया। चीन में लाफिंग बुद्धा को पुताई के नाम से भी जाना जाता है। चीनी लोग उन्हें एक ऐसे भिक्षुक के नजरिए से देखते हैं, जो एक हाथ में धन-धान्य का थैला लिए, चेहरे पर खिलखिलाहट बिखेरे अपना बड़ा पेट और थुलथुल बदन दिखाकर सभी को हंसाते हुए सकारात्मक ऊर्जा देते हैं। वे समृद्धि व खुशहाली के संदेशवाहक और घरों के वास्तुदोष निवारण के प्रतीक भी माने जाते हैं। जापान जैसे देशों में लोग अपने बच्चों को प्रारंभ से ही हँसते रहने की शिक्षा देते हैं, ताकि उनकी भावी पीढ़ी सक्षम एवं तेजस्वी हो।

दुनिया के अधिकतर देश आतंकवाद, हिंसा, युद्ध एवं महामारियों के डर से सहमे हुए हैं, ऐसे समय विश्व हास्य दिवस की अत्यधिक आवश्यकता महसूस होती है। इससे पहले दुनिया के लोगों में इतनी घबराहट और अशांति कभी नहीं देखी गई। आज हर व्यक्ति के अंदर घबराहट और अशांति का कोहराम मचा हुआ है। ऐसे दौर में केवल हंसी ही दुनियाभर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकती है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर टेरीजा एमाबाइल ने कहा है कि, हँसते समय हमारा दिमाग सबसे अधिक क्रिएटिव होता है। हमें न केवल पारिवारिक परिवेश में बल्कि ऑफिस में हंसी-मजाक को बढ़ावा देना चाहिए। ऑफिस का माहौल मेल-जोल और हंसी मजाक वाला हो, जिससे टीम के बीच काम के प्रति उत्साह का संचार हो सके। खूबसूरत चेहरे के लिए हंसना कारगर साबित हो सकता है। हंसने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है। मेडिकल प्रयोगों में पाया गया है कि, 10 मिनट तक हंसते रहने से दो घंटे की गहरी नींद आती है।

हंसने वाले व्यक्तियों के कई सारे मित्र बन जातें हैं और इस प्रकार उनमें भाईचारा और एकता की भावना कब उत्पन्न होती हैं, पता ही नहीं चलता। हर व्यक्ति के जीवन में हड़कंप मचा हुआ है। तब 'हास्य दिवस' की अत्यधिक आवश्यकता महसूस होती है। इससे पहले इस दुनिया में इतनी अशांति कभी नहीं देखी गई। इस व्यस्त, अशांत एवं तनावग्रस्त जिंदगी में लोग कम से कम एक दिन तो अपने लिए निकालें और जी भरकर हंसे और हंसायें। तभी ओशो ने कहा है कि जब आप हंसने के पश्चात शांत हो जाएंगे तो यह महसूस करेंगे कि, पूरा विश्व, ये पेड़-पौधे, सितारे, पत्थर, पर्वत, सब आपके साथ हंस रहे हैं।

# वोट जिहाद से डर गए महाबली

राकेश अचल

7 मजबूरी है 4 जून तक बेतुकी सियासत के साथ आपके साथ बने रहना। बीते रोज कांग्रेस ने गांधी परिवार की पारम्परिक कहें या पुश्तैनी सीट से राहुल गांधी को अपना उम्मीदवार बनाकर भाजपा की मुश्किलें बढ़ा दीं। भाजपा वैसे ही तमाम मुद्दों के हाथ से फिसलने के बाद हलकान है और विपक्ष के पाले में आकर खेलने या खेला करने के लिए विवश है। ऊपर से बकौल भाजपा कांग्रेस के शाहजादे ने एक और तुरुप चल दी। भाजपा राहुल गाँधी को शाहजादा क्यों कहती है ,इसके बारे में शोध की जरूरत है। मुझे तो राहुल किसी भी कोण से शाहजादे नजर नहीं आते। बहरहाल अब भाजपा राहुल को अमेठी से चुनाव न लड़ने के लिए रणछोड़ बनाने पर उतारू है।

भाजपा जिसे जो चाहे सो बना देती है। उसके पास शायद बंगाल का काला जादू है। भाजपा ने पहले राहुल को पप्पू बनाया ,बेचारे राहुल पप्पू बन भी गये । जब पूरा देश पप्पू बन सकता है तो राहुल किस खेत की मूली हैं ? लेकिन ये राहुल ही थे जो अपने ऊपर चस्पा किये गए पप्पू के लेबिल को खींचने में कामयाब रहे और उन्होंने फेंकू के सामने खुद को मुकाबले में ला खड़ा किया। भाजपा की मुसीबत सचमुच राहुल और उनकी कांग्रेस ही है । बाकी दलों से तो भाजपा निबट भी ले किन्तु कांग्रेस से निबटना उसके लिए अभी तक मुमकिन नहीं हुआ। कांग्रेस को निबटने में भाजपा ने अपने बहुमूल्य दस साल बर्बाद कर लिये । इस समय का इस्तेमाल भाजपा अगर देश को बनाने में करती तो मुमकिन है कि आज उसे हांफना न पड़ता। कांग्रेस ने राहुल को रायबरेली से प्रत्याशी बनाकर भाजपा की तमाम रणनीति को नाकाम कर दिया।

आप जानते हैं कि उत्तर प्रदेश को जीते बिना भाजपा का तीसरी बार सत्ता में वापस आने का सपना पूरा नहीं हो सकता। 2019 में भाजपा ने जैसे -तैसे अमेठी से राहुल गांधी को पराजित कर यूपी से बाहर करने में कामयाबी हासिल कर ली थी,लेकिन भाजपा तमाम कसबल के बावजूद रायबरेली से श्रीमती सोनिया गाँधी को नहीं हरा पाई थी । राहुल ने इसीलिए वायनाड से चुनाव लड़ा। भाजपा ने राहुल की सांसदी छीनने के लिए दूसरे हथकंडे भी अपनाये थे, सांसदी छीन भी ली थी किन्तु माननीय बड़ी अदालत आड़े आ गयी।अब राहुल ने उत्तर प्रदेश में दोबारा वापसी दर्ज कराकर भाजपा की नींद हराम कर दी है। राहुल की उत्तर प्रदेश वापसी का मतलब भाजपा की आधी ताकत राहुल को संसद जाने से रोकने में खर्च करना है। भाजपा ने अमेठी से तो राहुल को बेदखल कर दिया था लेकिन रायबरेली से शायद ये मुमकिन न हो। मैंने शायद शब्द का इस्तेमाल किया है ,क्योंकि मै किसी भी चीज को असम्भव नहीं मानता ,क्योंकि अभी देश में मोदी जी हैं जो कुछ भी मुमकिन कर सकते हैं। भाजपा कांग्रेस और राहुल से किस कदर परेशान है इसका उदाहरण खुद प्रधानमंत्री मोदी जी के भाषण हैं। मोदी जी ने उत्तरप्रदेश से दूर अपने गृहराज्य गुजरात के टाटा मैदान में कांग्रेस के उस वोट जिहाद को लेकर अपनी चिंता जताई जो पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने चलाने की बात कही थी। खुर्शीद न कांग्रेस हैं और न कोई मौलवी। वे एक जननेता हैं और उन्होंने जिस वोट क्रांति की बात कही है उसे लेकर भाजपा की यानि माननीय प्रधानमंत्री तक की नींद उड़ गयी है। चुनाव प्रचार में हिन्दू-मुसलमान का जुमला उछलने के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग के नोटिस की परवाह किये बिना मोदी जी और उनकी पूरी पार्टी देश के बाहुसंख्यक हिन्दुओं को अल्पसंख्यक मुसलमानों से डराने की कोशिश कर रही है।वोट जिहाद ने तो भाजपा को और भयभीत कर दिया है और अब भाजपा ने इसे भी चुनावी मुद्दा बना लिया है।

भारतीय जनता पार्टी की 'महा विजय संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''कांग्रेस आपकी संपत्ति वोट जिहाद में शामिल लोगों को बांटना चाहती है लेकिन मोदी सुनिश्चित करेगा कि गरीबों, दलितों और आदिवासियों का देश की संपत्ति पर पहला अधिकार हो. पृथ्वी पर किसी भी ताकत को हमारे संविधान को बदलने या उससे छेड़छाड़ की अनुमति नहीं दी जाएगा। सवाल ये है की मोदी ये सब सुनिचित किस हैसियत से करेंगे ? क्या वे भारत के भाग्यविधाता हैं।? क्या उन्हें देश ने तीसरी बार जनादेश दे दिया है ? या उन्होंने खुद जनादेश हड़पने की पूरी तैयारी कर ली है ? '। मोदी जी तीसरी क्या चौथी बार प्रधानमंत्री बनें हमें क्या फर्क पड़ने वाला है ,लेकिन उनके दम्भ और उसके पीछे छिपे भय को देखकर मुझे और मेरे जैसे तमाम संवेदनशील लोगों को मोदी जी पर अब दया आने लगी है।

मोदी जी आदिकाल से गांधी परिवार विहीन देश और कांग्रेस विहीन संसद देखना चाहते है। वे देश की अठारहवीं सांसद को अपने सपनों की संसद बनाना चाहते हैं लेकिन बना नहीं पा रहे। संसद के सर्वोच्च सदन में कांग्रेस की प्रमुख श्रीमती सोनिया गाँधी पहले ही पहुँच चुकी है। यानि कम से कम छह साल तक तो कांग्रेस की उपस्थिति संसद में रहना ही है और अब राहुल गांधी भी वायनाड के साथ ही रायबरेली से चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतर चुके हैं। अर्थात राहुल कहीं न कहीं से संसद में प्रवेश पा जायेंगे। ऐसे में न कांग्रेस विहीन भारत बन पायेगा और न कांग्रेस विहीन संसद। मोदी जी को अपना सपना पूरा करने के लिए मुमकिन है कि एक जन्म और लेना पड़े !

राहुल गांधी रणछोड़ हैं या नहीं ये मै नहीं कह सकता। क्योंकि यदि इस तरह की कोई सूची बनाई जाएगी तो भाजपा के आदि पुरुष माननीय श्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी सबसे बड़े रणछोड़ माने जायेंगे। अटल जी तो पूरे जीवन इधर से उधर भागते रहे। यूपी के बलरामपुर से विदिशा,ग्वालियर और लखनऊ तक। उन्होंने 1985 में अपने गृहनगर ग्वालियर से हारने के बाद कभी ग्वालियर की और मुंह नहीं किया।

# भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती उत्पादों की मांग

प्रहलाद सबनानी

भारत में आज भी लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है एवं अपने जीवन यापन के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही आश्रित रहती है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार किये जा रहे विकास कार्यों के चलते इन क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली राशि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इससे, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर निर्मित होने लगे हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन कुछ कम हुआ है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल में शहरों से ग्रामीण इलाकों की ओर शिफ्ट हुए नागरिकों में से अधिकतर नागरिक अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही बस गए हैं एवं अपने विशेष कौशल का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को प्रदान कर रहे हैं। हाल ही में जारी किए गए कुछ सर्वे प्रतिवेदनों के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग की एक नई कहानी लिखी जा रही है क्योंकि अब विभिन्न उत्पादों की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। उपभोक्ता वस्तुओं एवं ऑटो निर्माता कम्पनियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही के समय में उपभोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं एवं दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों (ट्रैक्टर सहित) की मांग में तेजी दिखाई दे रही है, जो कि वर्ष 2023 में लगातार कम बनी रही थी। यह संभवतः रबी फसल के सफल होने के चलते भी सम्भव हो रहा है।

उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने भी हाल ही में सम्पन्न अपनी द्विमासिक मोनेटरी पॉलिसी की बैठक में रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की है, ताकि बाजार, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार में, उत्पादों की मांग विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो, ताकि इससे अंततः वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के आर्थिक विकास की दर भी अच्छी बनी रहे। भारत में पिछले कुछ समय से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न उत्पादों की मांग, शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध मांग की तुलना में कम ही बनी रही है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के बाद से इसमें कुछ परिवर्तन दिखाई दिया है एवं अब ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई देने लगी है। यह तथ्य विकास के कुछ अन्य सूचकांकों से भी उभरकर सामने आ रहा है। जनवरी-फरवरी 2024 माह में दोपहिया वाहनों की बिक्री में, पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान की बिक्री की तुलना में, 30.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है, जो हाल ही के कुछ वर्षों में अधिकतम वृद्धि दर मानी जा रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री ग्रामीण इलाकों (लगभग 10 प्रतिशत) में शहरी इलाकों (लगभग 7 प्रतिशत) की तुलना में अधिक रही है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले रोजगार के अवसरों की मांग में भी फरवरी-मार्च 2024 माह के दौरान 9.8 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हो रहे हैं। इसी प्रकार, ट्रैक्टर की बिक्री में भी जनवरी-फरवरी 2024 माह के दौरान 16.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में कुल 892,313 ट्रैक्टर की बिक्री हुई है जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है। भारत के मौसम विभाग द्वारा जारी की गई भविष्यवाणी के अनुसार, वर्ष 2024 के मानसून मौसम के दौरान भारत में मानसून की बारिश के सामान्य से अधिक रहने की प्रबल सम्भावना है। इससे भारत के किसानों में हर्ष व्याप्त है क्योंकि मानसून के अच्छे होने से खरीफ की फसल के भी बहुत अच्छे रहने की सम्भावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के सोचना है कि इस वर्ष अल नीनो के स्थान पर ला नीना का प्रभाव दिखाई देगा। अल नीनों के प्रभाव में देश में बारिश कम होती है एवं ला नीना के प्रभाव में देश में बारिश अधिक होती है। साथ ही, भारतीय किसान अब तिलहन, दलहन एवं बागवानी की फसलों की ओर भी आकर्षित होने लगे हैं। दालों, वनस्पति, फलों एवं सब्जियों के अधिक उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि दृष्टिगोचर है। केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न खाद्य उत्पादों की बिक्री के लिए ई-पोर्टल के बनाए जाने के बाद से तो भारतीय किसान अपनी फसलों को वैश्विक स्तर पर सीधे ही बेच रहे हैं और अपने मुनाफे में वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। भारतीय खाद्य पदार्थों की मांग अब वैश्विक स्तर पर भी होने लगी है एवं खाद्य पदार्थों के निर्यात में भी नित नए रिकार्ड बनाए जा रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग सामान्यतः अच्छे मानसून के पश्चात अच्छी फसल एवं विभिन्न सरकारों, केंद्र एवं राज्य सरकारों, द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों पर किए जा रहे खर्चो में बढ़ौतरी के चलते ही सम्भव होती है।

# कोरोना वैक्सीन पर राजनीति नहीं

संजय गोस्वामी

कोरोना की कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में माना है कि इस वैक्सीन से कुछ लोगों को दिल का दौरा और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा है. यह वही वैक्सीन है जिसका भारत में बड़े पैमाने पर सीरम इंस्टीट्यूट के जरिए उत्पादन किया गया था. एक निजी संस्थान द्वारा उत्पादित वैक्सीन को न केवल सरकार द्वारा प्रचारित किया गया, बल्कि इसे आईसीएमआर द्वारा प्रमाणित और सुरक्षित भी बताया गया। जबकि सभी जानते हैं कि वैक्सीन का ट्रायल बहुत जल्दबाजी में किया गया था. क्लिनिकल और अन्य परीक्षणों की लंबी और वर्षों-लंबी प्रक्रिया को कुछ महीनों और हफ्तों में यह कहकर संक्षेप में प्रस्तुत किया गया कि यह समय की आवश्यकता थी। प्रधानमंत्री ने स्वयं सीरम इंस्टीट्यूट का दौरा किया और इसके एमडी अदार पूनावाला के साथ देश को वैक्सीन उत्पादन बढ़ाने का आश्वासन दिया। उन्होंने खुद भी टीका लगवाया और देशवासियों से भी टीका लगवाने की अपील की. इसके बाद कोवैक्सिन, कोरवेबेक्स जैसी कई अन्य वैक्सीन भी आई और लगाई गईं। सरकार ने इसे बड़े पैमाने पर खरीदा और जनता को मुफ्त में सप्लाई किया। पूरे देश में टीकाकरण शिविर आयोजित किये गये। वैक्सीन लेने के लिए लोगों को लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ा. वैक्सीन प्रमाणपत्र वितरित किए गए और कई सरकारी सेवाओं के लिए यह प्रमाणपत्र अनिवार्य कर दिया गया। यह प्रमाणपत्र आज भी हम सभी के मोबाइल फोन या दराज में मौजूद है। ये सब हुए कई साल बीत गए. कोरोना की कभी-कभी छोटी लहर की चर्चा के अलावा कोई बड़ी लहर नहीं आई है. ऐसा लगता है कि वैक्सीन का असर हुआ है. कोरोना के नए-नए वेरिएंट आते हैं और बिना कोई खास असर दिखाए वापस चले जाते हैं. पुराने वेरिएंट को वैक्सीन से खत्म कर दिया गया है और इम्यूनिटी बढ़ने से नए वेरिएंट को अपनी ताकत दिखाने और बढ़ने का मौका नहीं मिल रहा है. लेकिन दूसरी ओर, अचानक दिल का दौरा, हार्ट अरेस्ट और ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़ रहे हैं. आए दिन हमें ऐसी खबरें और वीडियो पढ़ने, देखने और सुनने को मिलते हैं. न केवल भारत में, बल्कि ब्रिटेन सहित अन्य देशों में भी, जहां कोविशील्ड का आविष्कार किया गया था।

स्ट्रेजेनेका कंपनी ने इसे सबसे पहले कहां बनाया था और किन देशों से लाइसेंस या सहयोग लेकर अन्य देश और उनकी वैक्सीन कंपनियां इसका उत्पादन कर रही हैं।

## एक नजर

### कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में नामांकन के छठे दिन 9 नामांकन हुए दाखिल

**अटल हिंद संवाददाता/कुरुक्षेत्र, 04 मई।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल करने के छठे दिन 9 नामांकन पत्र दाखिल किए गए है। कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से अब तक 35 नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके है। रविवार को नामांकन पत्र दाखिल नहीं किए जाएंगे और 6 मई को नामांकन पत्र दाखिल करने का आखरी दिन होगा। उसके उपरांत 7 मई को नामांकन पत्रों की छंटनी की जाएगी और 9 मई तक प्रत्याशी अपने नामांकन पत्र वापिस ले सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि शनिवार को विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा 9 नामांकन पत्र दाखिल किए गए है। इन नामांकन पत्रों में इंडियन नेशनल लोकदल के प्रत्याशी अजय सिंह, लोकतांत्रिक लोक राज्यम पार्टी के प्रत्याशी सतनाम, आजाद प्रत्याशी जय प्रकाश शर्मा, आजाद प्रत्याशी जय कुमार, आजाद प्रत्याशी पताशो देवी ने 1-1 नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसी प्रकार आजाद प्रत्याशी रमेश चंद्र खटकर ने 2 नामांकन पत्र दाखिल किए है। बहुजन समाज पार्टी से दीपक मेहरा व दलवीर सिंह ने अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस प्रकार कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से अब तक 35 नामांकन पत्र दाखिल हो चुके है।

### नेहरू युवा केंद्र द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को किया मतदान के प्रति जागरूक

**अटल हिंद संवाददाता/कुरुक्षेत्र, 04 मई।** नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) और लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त यूथ एंबेसडर गायत्री कौशल के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त यूथ एंबेसडर गायत्री कौशल ने युवाओं को मतदान जागरूकता के विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। ये प्रतिनिधि हमारी सरकार बनाते है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें।

### गांव संगवाड़ी के सरपंच रामसिंह छावड़ी की चाची हरप्यारी देवी का हृदयघात से आक्समिक निधन

**अटल हिंद संवाददाता/रेवाड़ी, 4 मई।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व झज्जर प्रभारी तथा गांव संगवाड़ी के सरपंच रामसिंह छावड़ी की चाची समाजसेविका हरप्यारी देवी (65) पत्नी रामफल ठेकेदार का शनिवार को हृदयघात से आक्समिक निधन हो गया। वह अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्रभू श्रीराम के दर्शन करने गई थीं। वहीं उनका हार्ट फेल हो गया। गांव संगवाड़ी स्थित शिव धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ आसपास के गांवों के गणमान्य लोगों ने उनकी अंतिम यात्रा में भाग लिया। वे अपने पीछे पति रामफल ठेकेदार सहित दो बेटे पूर्व सरपंच प्रदीप कुमार व छेल सिंह, पुत्रवधु सुरेश देवी व सुंदर, पुत्री ममता, दो पौत्र व विवाहित तीन पौत्रियों सहित 50 घरों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

# कांग्रेस के करनाल लोकसभा उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा को करना होगा कोर्ट में सरेंडर, हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

अटल हिंद संवाददाता

चंडीगढ़,04 मई। हरियाणा की करनाल सीट से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। पंचकूला कोर्ट ने उन्हें एक मामले में भगोड़ा घोषित किया है, जिसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया था। लेकिन उन्हें हाईकोर्ट से राहत नहीं मिल पाई है। अब दिव्यांशु बुद्धिराजा को पंचकूला



कोर्ट में 7 मई से पहले सरेंडर करना होगा।

बुद्धिराजा पर 2018 में दर्ज हुआ था मामला

दरअसल दिव्यांशु बुद्धिराजा ने अपनी याचिका में पंचकूला में दर्ज एफआईआर और उन्हें भगोड़ा घोषित करने के पंचकूला कोर्ट के आदेश को रद्द करने की मांग की थी। उन्होंने याचिका में आरोप लगाया गया था कि पंचकूला अदालत ने नियमों की पालना ना करते हुए उन्हें भगोड़ा घोषित किया है। याचिका में दी गई जानकारी के मुताबिक दिव्यांशु बुद्धिराजा के खिलाफ साल 2018 में हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल के खिलाफ बेरोजगारी को लेकर फ्लेक्स बोर्ड लगाने को लेकर केस दर्ज किया गया था।

सुनवाई के दौरान कोर्ट में पेश नहीं हुए बुद्धिराजा

बुद्धिराजा के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर तीन जनवरी 2024 को पंचकूला सेक्टर 14 के पुलिस थाना में धारा 174 ए के तहत मामला दर्ज किया गया था। करनाल से मनोहर लाल खट्टर के खिलाफ कांग्रेस के उम्मीदवार घोषित होने के अगले ही दिन बुद्धिराजा को भगोड़ा घोषित कर दिया गया था।दरअसल बुद्धिराजा के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की पुलिस में शिकायत दर्ज हुई थी।इस मामले में कोर्ट में सुनवाई के दौरान वो सभी पेश नहीं हुए थे, इसलिए बुद्धिराजा अभी तक भगोड़ा ही हैं।

**पुलिस की रिपोर्ट में लापता घोषित**

पुलिस के रिकॉर्ड में दिव्यांशु बुद्धिराजा को अब तक लापता बताया गया है। इसी मामले को लेकर उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी लेकिन हाईकोर्ट से उन्हें राहत नहीं मिली।अब उन्हें पंचकूला कोर्ट में सरेंडर करना होगा। दिव्यांशु बुद्धिराजा के वकील ने याचिका खारिज होने के बाद कहा कि वो ट्रायल कोर्ट के सामने सरेंडर करेंगे. मामले की अगली सुनवाई 7 मई को हाईकोर्ट में होगी. 7 मई को होगी दोबारा सुनवाई गुरुवार को लंच से पहले हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने

## चंडीगढ़ में 14 साल बाद सीरियल किलर गिरफ्तार, तीन युवतियों की रेप के बाद की हत्या, चोरी के 9 मामले दर्ज

अटल हिंद संवाददाता

चंडीगढ़,04 मई। पुलिस ने रेप और हत्या के आरोपी को 14 साल बाद गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोनू के रूप में हुई है। जो उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। फिलहाल वो चंडीगढ़ सेक्टर 38 शाहपुर कॉलोनी का रह रहा था।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि नशे की हालत में उसने हिमाचल की युवती से पहले रेप किया और फिर उसे मौत के घाट उतार दिया। सातवीं फेल मोनू शुरू से ही चंडीगढ़ में ही रह रहा है।

चंडीगढ़ पुलिस ने सीरियल किलर को किया गिरफ्तार- 38 साल की उम्र तक आरोपी 3 युवतियों का रेप कर उनकी हत्या कर चुका है। मोनू के खिलाफ 8 से 9 चोरी के मामले दर्ज हैं। बता दें कि 30 जुलाई 2010 को मोनू ने युवती की रेप के बाद हत्या कर दी थी। पुलिस ने जांच के दौरान 500 से अधिक आरोपियों को हिरासत में लिया, लेकिन चंडीगढ़ पुलिस को पूछताछ के दौरान कोई बड़ी कामयाबी हासिल नहीं हुई।

14 साल बाद आरोपी गिरफ्तार- 11 जनवरी 2022 को मोनू ने दूसरी युवती से रेप कर उसकी हत्या कर दी। जिसका शव मलोया के जंगल में नग्न अवस्था में मिला।इस मामले में भी पुलिस ने 300 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लेते हुए पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने महिला का पोस्टमार्टम सेक्टर 16 के सरकारी अस्पताल में करवाया। 11 जनवरी 2022 में हुए युवती से रेप और हत्या मामले में चंडीगढ़ पुलिस ने शक के आधार पर तीन लोगों के ब्लड सैंपल लिए और उन्हें डीएनए के लिए अगस्त 2023 में जांच के लिए भेजा।

आरोपी पर चोरी के भी केस दर्ज- 7 महीने की जांच के बाद आरोपी का डीएनए मृतका के साथ मिले सैंपल से मिल गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ की। आरोपी ने बताया कि 2010 में भी उसने सेक्टर 38 की एक लड़की के साथ रेप किया और उसकी हत्या कर दी थी। इसके अलावा आरोपी पर चोरी के भी करीब 9 मुकदमे दर्ज हैं।

चंडीगढ़ एसपी कंवर दीप कौर ने बताया कि 30 जुलाई 2010 में 22 वर्षीय एमबीए छात्रा के साथ आरोपी ने रेप कर उसकी हत्या कर दी थी।

## बीजेपी-कांग्रेस की हकीकत पहचान गई जनता, जेजेपी को मिल रहा भरपूर समर्थन : दुष्यंत चौटाला

अटल हिंद संवाददाता

चंडीगढ़, 04 मई। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जेजेपी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि जनता कांग्रेस और बीजेपी की अच्छी तरह से हकीकत पहचान गई है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जेजेपी को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और पार्टी कार्यकर्ता खासा उत्साहित है। वे शनिवार को करनाल और सोनीपत में जेजेपी उम्मीदवारों का नामांकन भरवाने के उपरांत पत्रकारों से रूबरू थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि अंदरूनी कलह के कारण कांग्रेस का पतन तय है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा अपने बेटे दीपेंद्र हुड्डा को जीताने के लिए भाजपा की मदद कर रहे है। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा ने पुत्र मोह में आकर कांग्रेस नेताओं कुलदीप शर्मा के बेटे, सुरेंद्र दहिया, श्रुति चौधरी, कैप्टन अजय यादव का पता कटवाया। इसी तरह भूपेंद्र हुड्डा ने करनाल लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस के कमजोर उम्मीदवार उतरवाए।

सोनीपत में पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की मौजूदगी में जेजेपी उम्मीदवार भूपेंद्र मलिक ने विशाल रोड शो करके अपना नामांकन भरा। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी विधानसभा अनुसार भी रोड शो करके जनता से वोट की अपील करेगी। उन्होंने कहा कि सोनीपत में कांग्रेस के उम्मीदवार को सफीदों की जनता ही नहीं जानती है और बीजेपी उम्मीदवार राई व सोनीपत तक ही सीमित है। वहीं दूसरी तरफ जेजेपी उम्मीदवार भूपेंद्र मलिक को सभी 9 विधानसभाओं में भरपूर स्नेह मिल रहा है, मलिक खाप ने भी अपना समर्थन दिया है और ये दर्शाता है कि यहां से जेजेपी प्रत्याशी जीत रहे है।

इससे पहले करनाल में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने जेजेपी उम्मीदवार देवेंद्र कादियान का नामांकन भरवाया। इस दौरान दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी ने लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा युवा उम्मीदवारों को चुनाव लड़ाया है। उन्होंने कहा कि युवा सांसद बनने से क्षेत्र की आवाज संसद में मजबूती से बुलंद होगी और उसका फायदा हरियाणा को मिलेगा।

## बहुचर्चित डिंगरहेड़ी सामूहिक बलात्कार व दोहरी हत्याकांड में करीब साढ़े 7 साल बाद पीड़ित परिवार को मिला इंसाफ

अटल हिंद संवाददाता

चंडीगढ़,04 मई( ) बहुचर्चित डिंगरहेडी सामूहिक बलात्कार व दोहरी हत्याकांड में करीब साढ़े 7 साल बाद पीड़ित परिवार को मिला इंसाफ,मामले में हरियाणा की विशेष सीबीआई कोर्ट ने चारों दोषियों को सुनाई फांसी की सज़ा।

पंचकूला स्थित हरियाणा की विशेष सीबीआई कोर्ट ने इस मामले के चारों दोषियों विनय उर्फ लंबू, जयभगवान, हेमंत चौहान और अयान चौहान को सुनाई फांसी की सज़ा। आपको बता दें कि 10 अप्रैल 2024 को



सीबीआई कोर्ट द्वारा इन चारों को दोषी करार दिया गया था जबकि 6 आरोपियों को बरी किया गया था। इस मामले में 10 आरोपी न्यायिक हिरासत में थे।तेजपाल, अमित, रविंद्र, कर्मजीत, संदीप और राहुल वर्मा को सीबीआई कोर्ट ने किया था बरी।वहीं एक आरोपी अमरजीत पैरोल पर आने के बाद फरार हो गया था, जिसकी गिरफ्तारी अभी बाकी है। आईपीसी की धारा 376ष, 302, 325, 326, 397, 459, 460 और पोस्को एक्ट के तहत दिया गया था दोषी करार। तावड़ू क्षेत्र के गांव डिंगरहेड़ी में वर्ष 2016 में 24 और 25 अगस्त की रात कुल्हाड़ी गैंग के बदमाशों ने दोहरे हत्याकांड सहित एक नाबालिग सहित दो युवतियों के साथ सामूहिक बलात्कार जैसी जघन्य वारदात को अंजाम दिया था।

कथित तौर पर कुल्हाड़ी गैंग के आरोपियों ने दो युवतियों के साथ गैंगरेप के अलावा दंपति की हत्या कर परिवार के पांच लोगों को घायल कर खून से लथपथ वहीं छोड़कर भाग गए थे।

## राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ की बैठक बजाजा बाजार में आयोजित



अटल हिंद/मनोज गोयल

रेवाड़ी, 4 मई। राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ की बैठक बजाजा बाजार में आयोजित की गई। जिसमें व्यापारी दीपांशु भार्गव को संघ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शाम्लि हुए कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने दीपांशु भार्गव को संघ का नियुक्ति पत्र भी सौंपा। बैठक में पहुंचने पर राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि कोसली विधायक का फूलमालाओं तथा पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कोसली विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा कि राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ व्यापारियों की समस्याओं को मजबूती के साथ उठाकर उनका समाधान कराने में पूरी तरह सक्रिय होकर कार्य कर रहा है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर 14 स्थित स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



अटल हिंद/फतह सिंह उजाला

गुरूग्राम, 04 मई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने सेक्टर 14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्थापित ईवीएम के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीसी ने स्ट्रॉन्ग रूम लॉगबुक, सीसीटीवी ,बैकअप और डीवीआर आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पॉलिटिकल पार्टियों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया था। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार सभी प्रबंधों का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम के लॉक पर सील और सीसीटीवी को भी चेक किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सीसीटीवी के वर्किंग होने के साथ साथ उसकी फुटेज की बैक अप सेव होना जरूरी है। इसी प्रकार से स्ट्रांग रूम पर तैनात गार्द का लॉग बुक रजिस्टर पूरी तरह से मेंटेन हो। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार ईवीएम व वीवीपैट स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम खोलते समय निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। उन्होंने मतदान के बाद ईवीएम को सुरक्षित रखने और काउंटिंग की व्यवस्था बारे भी जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम के लिए मार्किंग की जाए। स्ट्रांग रूम में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश न हो। लॉक को खोलने और बंद होने की वीडियोग्राफी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्ट्रोंग की पूरी व्यवस्था में जरा सी भी चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मतदान करवाने के लिए ईवीएम डिस्ट्रीब्यूशन और मतदान के बाद ईवीएम जमा किए जाने की व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार व्यवस्थित ढंग से होना चाहिए।

## एम्स स्वास्थ्य सुविधा ही नहीं रोजगार का भी बड़ा साधन : आरती राव

अटल हिंद/मनोज गोयल

रेवाड़ी, 4 मई। अपने पिता एंव गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के चुनाव प्रचार में उतरी आरती राव ने कहा है कि रेवाड़ी का माजरा एम्स क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा नहीं बल्कि रोजगार के नए अवसर भी खोलेगा। उन्होंने कहा कि ने राव इंद्रजीत ने एम्स के लिए लगातार क्षेत्र का वकील बनकर केंद्र में पैरवी की, केंद्र सरकार ने भी उनकी हिमायत को तवज्जो देते हुए एम्स निर्माण का रास्ता न केवल साफ किया, बल्कि राव के ही आग्रह पर स्वंय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिलान्यास भी किया। उन्होंने एम्स के निर्माण में सहयोग करने वाले क्षेत्र के लोगों का



आभार भी जताया। आरती राव ने दावा किया कि एम्स के निर्माण के बाद उसका उद्घाटन भी स्वंय नरेंद्र मोदी ही करेंगे। वह आज खंड खोल के गांव नांगल जमालपुर, राधा की ढाणी तथा शोभा की ढाणी के अलावा अन्य गांवों में चुनावी सभा को संबोधित कर रही थी। प्रत्येक गांव में महिलाओं व पुरूषों ने फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया।

आरती राव ने कहा कि राव इंद्रजीतसिंह ने क्षेत्र के लोगों द्वारा दी गई ताकत का कभी भी अपने लिए इस्तेमाल नहीं किया।

## गोकलपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में हुआ विशाल भंडारा, रक्तदान शिविर एवं फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

अटल हिंद/मनोज गोयल

रेवाड़ी, 4 मई। प्राचीन शिव मंदिर गोकलपुर में चल रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन विशाल भंडारा, रक्तदान शिविर एवं फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। तीसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत 9 कुंडलीय महारुद्र यज्ञ के साथ हुई जिसमें आसपास क्षेत्र से आए भक्तजनों ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर मनोकामना मांगी। हवन समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसमें पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी रक्तदान किया। स्वामी धीरजगिरी महाराज ने बताया कि रक्तदान शिविर में एकत्रित हुआ रक्त भारतीय सेना के बेस अस्पताल की टीम को समर्पित



किया। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना हमारे देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है। भारतीय सेना द्वारा संचालित अस्पतालों के लिए रक्तदान करना बहुत ही पुण्य का काम है। स्वामी जी ने बताया कि गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल की टीम भी मंदिर प्रांगण पहुंची। उन्होंने भी फ्री हेल्थ चेकअप शिविर लगाया जिसमे 500 से ज्यादा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। रक्तदान शिविर में 150 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया जिसमें 75 यूनिट भारतीय सेना के बेस अस्पताल की टीम को सौपी और 75 यूनिट रक्त गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल की टीम को सौपी। इस कार्यक्रम में धार्मिक भजनों का भी आयोजन किया गया जिसमें भजन गायको ने अपने भजनों द्वारा पहुंचे हुए श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

## समाजसेवी रवि बधवानिया ने स्वर्गीय लाला अर्जुन देव गर्ग की पुण्यतिथि पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं भंडारे का किया आयोजन

अटल हिंद/मनोज गोयल

*चरखी दादरी, 4 मई* जिले के गांव बधवाना की अग्रसेन धर्मशाला में स्वर्गीय लाला अर्जुन देव गर्ग की पुण्यतिथि पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं भंडारे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आयोजन का उद्घाटन गीता देवी गर्ग ने रिबन काट कर किया और स्वर्गीय लाला अर्जुन देव गर्ग की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। चिकित्सा शिविर में शिलगर हॉस्पिटल के शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डा. अंकित सिंगल, त्रिवेणी डेंटल अस्पताल के दंत रोग विशेषज्ञ डा.



कपिल शर्मा, सुविधा मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल से डा.सुनैना मालिक, उदयपुर राजस्थान के तारा संस्थान से मोतियाबिंद विशेषज्ञ तथा अग्रवाल धर्मराज चिकित्सालय स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. इंदु यादव ने अपनी टीम के साथ सेवाएं प्रदान की तथा आमजन के स्वास्थ्य की जांच की। मौके पर ही नि:शुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता लाला लखमी चंद बधवानियाँ ने की। इस दौरान भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चौ0 धर्मबीर सिंह ने शिरकत की तथा अपने सम्बोधन में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में 25 प्रतिशत भागीदारी अग्रवाल की है। अग्रवाल समाज दानकर्ता के रूप में सबसे आगे हैं, 60 प्रतिशत गोशालाओं, धर्मशालाओं तथा मंदिरों का संचालन कर रहे हैं और बताया कि अग्रवाल समाज पर देवी महालक्ष्मी की कृपा हमेशा रहती है। धार्मिक व सामाजिक कामों में अग्र बंधुओं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं, दान देने से धन की वृद्धि होती है। इसलिए सामाजिक जनों को निरंतर जनहित, समाजहित व परोपकार के लिए दान धर्म करते रहना चाहिए।

## रेलवे टिकट बुकिंग के नाम पर ठगी पुलिस ने किया काबू

अटल हिंद संवाददाता

गुरुग्राम 04 मई । प्रियांशु दीवान , सहायक पुलिस आयुक्त साईबर अपराध, गुरुग्राम के निर्देशानुसार कार्य करते हुए निरीक्षक मनीष कुमार, प्रबंधक थाना साईबर दक्षिण, गुरूग्राम की पुलिस टीम ने %प्रतिबिंब एप्लिकेशन% की मॉनिटरिंग व पुलिस तकनीकी की सहायता से दिनांक 03. मई को सैक्टर-65, गुरुग्राम से अवैध/फर्जी तरीके से रेलवे टिकट बुक करने के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए ठगी करने वाले 01 आरोपी को काबू किया गया, जिसकी पहचान मेफताहुल निवासी ओकरा बरी, कूचबिहार (पश्चिम-बंगाल) के रुप में हुई।



पुलिस टीम द्वारा आरोपी के खिलाफ आगामी कार्यवाही करते हुए थाना साईबर अपराध दक्षिण, गुरुग्राम में धारा 419, 420 के तहत नियमानुसार अभियोग अंकित करके आरोपी अभियोग में नियमानुसार शामिल अनुसंधान किया। आरोपी से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि उपरोक्त आरोपी रेलवे टिकट बुक करने के नाम पर लोगों से ठगी की वारदात को अंजाम देता था।उपरोक्त आरोपी द्वारा ठगी में प्रयोग किया गया 01 मोबाईल फोन भी इसके कब्जा से बरामद किया गया है। अभियोग अनुसन्धानाधीन है।यहां पर यह भी उल्लेखनीय है कि बढ़ते साईबर अपराधों को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आने वाले इंडियन साईबर-क्राईम-कॉआर्डिनेशन-सेंटर (द्ब4सी) द्वारा प्रतिबिंब पोर्टल तैयार किया है और इसकी मदद से किसी इलाके में सक्रिय साईबर अपराधियों की रियल टाइम जानकारी उस क्षेत्र की पुलिस को मिल जाती है। जिससे त्वरित कार्यवाही करने का मौका स्थानीय पुलिस के पास उपलब्ध रहता है।

## एक नजर

### मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के मैंच में......फिक्सिंग के आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी)। हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2024 सीजन की आठवीं हार का सामना करना पड़ा। इस मैंच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें 24 रनों से हरा दिया। हालांकि मैच के दौरान जो हुआ उससे अधिक टॉस के दौरान की एक घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। यह वीडियो देखकर कुछ सोशल मीडिया यूजर्स फिक्सिंग का आरोप लगा रहे हैं। दरअसल टॉस के दौरान हार्दिक पंड्या ने सिक्का उछाला जबकि कैमरामैन के परिणाम को अच्छी तरह से देखने से पहले मैच रेफरी पंकज धर्माने ने सिक्के को उठा लिया। अंपायर द्वारा कप्तान पांड्या के पक्ष में फैसला सुनाने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने कहा कि टॉस में धांधली हुई होगी। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है, जब आईपीएल 2024 में इस तरह का आरोप सामने आया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच आखिरी मैच के दौरान सोशल मीडिया यूजर्स ने अंपायर जवागल श्रीनाथ पर सिक्का उठाते समय सिक्के के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। प्रसारकों ने बाद के मैचों में इस आरोप का जोरदार खंडन किया, कैमरामैन ने सुनिश्चित किया कि भविष्य में इस तरह के आरोपों के लिए कोई जगह नहीं रहे, प्रत्येक सिक्का उछाल पर जूम इन किया गया। हालांकि रेफरी द्वारा सिक्के को कैमरे की अच्छी तरह से देखने से पहले उठाए जाने के बाद सोशल मीडिया उपयोगकर्ता एक बार फिर गुस्से में आ गए।

### पीयूष चावला ने बताया कि क्यों रोहित इम्पैक्ट सब के तौर पर खेलने उतरे

मुंबई (एजेंसी)। लेग स्पिनर पीयूष चावला ने बताया कि भारतीय कप्तान और मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को पीठ में थोड़ी जकड़न के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल मैच में बतौर 'इम्पैक्ट सब खेलने के लिए बाध्य होना पड़ा था। इम्पैक्ट सब के तौर पर खेलने उतरे रोहित 12 गेंद में महज 11 रन ही बना सके। इस मैच में मुंबई इंडियंस की हार हुई। इससे पांच बार की चैम्पियन टीम इस साल के आईपीएल सीजन से लगभग बाहर हो चुकी है। चावला ने कहा, ''उन्हें पीठ में थोड़ी जकड़न थी, इसकारण ऐहतियातन यह फैसला किया गया। मुंबई इंडियंस की यह 11 मैच में आठवीं हार है, इसमें हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली टीम के लिए प्लेऑफ के दरवाजे लगभग बंद हो गए हैं और चावला ने भी स्वीकार किया कि वे सिर्फ अब सम्मान के लिए खेल रहे है। चावला ने कहा, 'आपको अपने नाम के लिए खेलना होगा और हम इसी के लिए खेल रहे हैं।

### बृजेश, आर्यन सहित 7 भारतीयों ने फाइनल का टिकट कटाया

अस्ताना (एजेंसी)। बृजेश टम्टा और आर्यन ने पांच अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ यहां एएसबीसी एशियन अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में युवा पुरुष वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। भारत के लिए शुरुआत करते हुए, बृजेश ने 48 किग्रा वर्ग में मंगोलिया के तालाइबेक इसूर को 5-0 से हराया। इसके बाद, राहुल कुंडू (75 किग्रा) और आर्यन (92 किग्रा) ने समान सर्वसम्मत निर्णयों के साथ चीन के कांजी बेई एर्सी और किर्गिस्तान के अलीबेव टाइनिस्तान को पछाड़ दिया।

दूसरी ओर, सागर जाखड़ (60 किग्रा) ने अंतिम दौर में किर्गिस्तान के सादिरोव दिलेरबेक पर रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट (आरएससी) की जीत के लिए मजबूर किया। आर्यन (51 किग्रा), यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) और प्रियांशु (71 किग्रा) ने विभाजित निर्णय के साथ भारत की जीत की लय को आगे बढ़ाया। इस बीच, सुमित (67किग्रा) और साहिल (80किग्रा) ने कजाकिस्तान के सबिरखान तोरेखन और किर्गिस्तान के जाकिरोव मुखमदाजिज के खिलाफ 0-5 से हारने के बाद कांस्य पदक के साथ समापन किया। भारतीय युवा दल ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में महिला वर्ग में 12 सहित 22 पदक हासिल किए हैं।

### इम्पैक्ट प्लेयर नियम नहीं टी20 विश्व कप: मिशेल स्टार्क

मुंबई (एजेंसी)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि अगले माह टी20 विश्व कप शुरू होने पर इंडियन प्रीमियर लीग के इम्पैक्ट प्लेयर नियम नहीं होने से कप्तानों को अधिक रणनीति के साथ सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा। इम्पैक्ट प्लेयर नियम के तहत टीमों के पास मैच के दौरान एक खिलाड़ी को बदलने की आजादी होती है। इस पिछले साल लागू किया गया था। जिसके बाद टीमों आसानी से 200 रन के आस-पास स्कोर कर रही हैं। मुंबई इंडियंस को आईपीएल टी20 मैच में शुक्रवार को 24 रन से हराने के बाद केकेआर के इस गेंदबाज ने कहा, इम्पैक्ट प्लेयर नियम से चीजें काफी हद तक बदल जाती हैं। टीम को एक बल्लेबाज या गेंदबाज अधिक रखने की आजादी मिलती है और इससे बल्लेबाजी में अधिक गहराई आती है। इससे टीम के पास आठवें या नौवें क्रम तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी मौजूद रहते है।

मुंबई के खिलाफ चार विकेट लेने वाले स्टार्क ने कहा कि टी20 विश्व कप में ये नियम नहीं होगा, जिससे इसका असर स्कोर पर दिखेगा। उन्होंने कहा, 'आईपीएल में कुछ बड़े स्कोर, कुछ शानदार साझेदारियां और बल्ले से कुछ व्यक्तिगत प्रतिभाएं देखने को मिलीं। अगले महीने होने वाले विश्व कप में ऐसा कोई नियम नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'आपको किसी अतिरिक्त खिलाड़ी के बिना टीम का संतुलन बनाना होगा।

### टी20 विश्व कप 2024 का एंथम सॉन्ग भी लांच

पोर्ट ऑफ स्पेन (एजेंसी)। टी20 वर्ल्ड कप एंथम आउट ऑफ दिस वर्ल्ड लांच किया है। इस गाने को सीन पॉल और केस ने अपनी आवाज दी है। इसमें 8 बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता उसेन बोल्ट, क्रिकेट सितारे क्रिस गेल, अली खान, शिवनारायण चंद्रपॉल और अन्य बड़ी हस्तियां झूमती दिख रही हैं। वीडियो में क्रिकेट उत्सव और ऊर्जा को दर्शाया गया है, जिसके दुनिया भर में फैंस मौजूद हैं।

### शुभमन गिल ने हरलीन देओल को दिए बैटिंग टिप्स

नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने अभ्यास के बाद भारतीय महिला क्रिकेटर हरलीन देओल के साथ बातचीत की। जिसका वीडियो गुजरात ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया। वहीं वीडियो में देखा जा सकता है कि गिल हरलीन को क्रिकेट शॉट को लेकर कुछ बता रहे हैं।

बता दें कि, हरलीन भी महिला प्रीमियर लीग में गुजरात के लिए खेलती हैं। हरलीन महिला प्रीमियर लीग में चोटिल हो गई थीं, यूपी वॉरियर्स के खिलाफ हुए एक मैच में उनके घुटने में चोट लग गई थी।

# डुप्लेसी और विराट के तूफान से गुजरात चारों खाने चित्त

बेंगलुरु 04 मई (एजेंसी) घातक गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण के बाद विराट कोहली (42) और कप्तान फ़ाफ़ डुप्लेसी (64) के बीच 92 रनों की तूफानी साझीदारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु(आरसीबी) ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 52वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को चार विकेट से धो दिया।




एम चिन्?नास्?वामी स्?टेडियम में गुजरात टाइटंस ने पहले खेलते हुये 19.3 ओवर में 144 रन बनाये जिसके जवाब में आरसीबी ने विजय लक्ष्य 13.4 ओवर में छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। मोहम्मद सिराज,यश दयाल और विजय कुमार वैशाख ने घातक गेंदबाजी से गुजरात को सस्ते में समेट कर अपनी टीम की जीत की उम्मीद पहले ही जगा दी थी जबकि विराट और डुप्लेसी ने रनों की बरसात कर इस उम्मीद को हकीकत में तूफानी अंदाज से बदल कर रख दिया। दोनो बल्लेबाजों ने पहले पॉवर प्ले में बेहद आक्रामक अंदाज से रन बटोरे और देखते ही देखते स्कोरबोर्ड पर 5.5 ओवर में 92 रन चमकने लगे थे और मैदान पर बैठे बेंगलुरु के समर्थकों को लगने लगा था कि जीत दस ओवरों के भीतर ही मिल जायेगी मगर नूर मोहम्मद के हाथों डुप्लेसी का विकेट गिरने के बाद दूसरे छोर पर विकेटों का पतझड़ शुरु हो गया और अगले पांच विकेट महज 25 रन जोड़ कर पवेलियन लौट गये । छठा विकेट विराट का गिरने के बाद मुकाबला कुछ हद तक संतुलित हो गया था मगर अनुभवी दिनेश कार्तिक (21 नाबाद) और स्वप्निल सिंह (15 नाबाद) ने गुजरात के गेंदबाजों को कोई भाव नहीं दिया और बेंगलुरु को एक आसान जीत दिला दी। डुप्लेसी ने 23 गेंदो की पारी में 10 चौके और तीन छक्के लगाकर दर्शकों की वाहवाही लूटी वहीं विराट ने 27 गेंदों में दो चौके और चार छक्के लगाये। इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने छठे ओवर तक 19 के स्कोर पर अपने तीन शीर्ष बल्लेबाजों को गवां दिया था। ऋद्धिमान साहा(1), शुभमन गिल(2) और साई सुदर्शन (6) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद शाहरुख खान और डेविड मिलर ने पारी को संभाला और चौथे विकेट लिये (61) जोड़। शाहरुख खान ने 24 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए सर्वाधिक (37), राहुल तेवतिया ने 21 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (35) तथा डेविड मिलर ने 20 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से (30) रनों की पारी खेली।

# आज केकेआर की मजबूत बल्लेबाजी के सामने होगी लखनऊ सुपर जायंट्स की परीक्षा

लखनऊ (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग में प्लेऑफ की ओर बढ़ रही लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीमें रविवार को अंतिम चार में अपनी जगह को मजबूत करने उतरेगी। मुंबई इंडियंस को उसके घरेलू मैदान पर कम स्कोर वाले मैच में 24 रन से हराने के बाद केकेआर को नाम 14 अंक हो चुके है और टीम प्लेऑफ क्वालीफिकेशन के बेहद करीब है। इसके बाद लोकेश राहुल की अगुवाई में एलएसजी पर दबाव होगा कि वह श्रेयस अय्यर की टीम के खतरे से अपनी टीम को बचाएं। एलएसजी के 10 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ 12 अंक है और टीम केकेआर से सिर्फ एक पायदान नीचे तीसरे नंबर पर है। चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद (12 अंक) जबकि चेन्नई सुपरकिंग्स (10 अंक) और दिल्ली कैपिटल (10 अंक) भी मजबूती के साथ शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है।




कप्तान राहुल और हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस ने एलएसजी के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है और यह देखना होगा कि क्या दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी क्विंटन डिकॉक को युवा अर्शिन कुलकर्णी के स्थान पर वापस लाया जाता है। कुलकर्णी ने पिछले मैच में पारी की शुरुआत की थी। निकोलस पूरन ने इस सत्र में अब तक अर्धशतक नहीं बनाया है, लेकिन पूरन ने कई मौके पर आखिरी ओवर में टीम के लिए तेजी से रन बनाए हैं। आयुष बडोनी भी इस सत्र में एकाध मैच छोड़कर प्रभावित करने में विफल रहे है। वह केकेआर के खिलाफ लय हासिल करना चाहेंगे। लखनऊ की टीम के गेंदबाजों को केकेआर के आक्रामक बल्लेबाजों को रोकने के लिए काफी मेहनत करनी होगी। टीम को तेज गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले मयंक यादव की सेवाएं नहीं मिलेंगी। केकेआर की टीम को इस सत्र में तीन हार का

## पंत से शादी के सवाल पर अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने दिया ये जबाव

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला और ऋषभ पंत का विवाद किसी से छिपा नहीं है। कुछ समय पहले बताया गया था कि पंत और उर्वशी डेट कर रहे थे। फिर कहा गया कि पंत ने रौतेला का नंबर ब्लॉक कर दिया है। उर्वशी ने कई बार पंत को लेकर बयान दिया है। लेकिन पंत की तरफ से कभी कुछ नहीं कहा गया। अब एक बार फिर उर्वशी ने पंत को लेकर बात की है।

दरअसल एक वीडियो में उर्वशी रौतेला को पंत के बारे में कुछ पेचीदा सवाल पूछे जा रहे हैं। पंत के बार में उर्वशी से शादी को लेकर सवाल हुआ। होस्ट ने पूछा, ऋषभ आपका आदर करते हैं। मुझे खुशी होगी कि आप उनसे शादी कर लेंगी। उर्वशी से इस सवाल पर रिएक्शन देने को कहा गया। इसके जवाब में बॉलीवुड अभिनेत्री ने कहा-नो कमेंट।

दिसंबर 2022 में पंत का एक्सीडेंट हो गया था। तब उर्वशी रौतेला ने पोस्ट डालकर उनके ठीक होने की कामना की थी। अब ऋषभ पंत भारतीय टीम के लिए मैदान पर उतरने के लिए तैयार है। करीब 15 महीने तक मैदान से दूर रहने के बाद पंत ने आईपीएल 2024 से वापसी की थी। वह अच्छी लय में भी दिख रहे हैं। इसी वजह से पंत को टी20 वर्ल्ड कप 2024 की टीम में जगह मिली है। पंत के साथ ही संजू सैमसन को विकेटकीपर के रूप में रखा गया है।

## आज धर्मशाला में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी चेन्नई सुपर किंग्स

धर्मशाला (एजेंसी)। पिछली विजेता चेन्नई सुपर किंग्स रविवार को लगातार दूसरी बार आईपीएल 2024 मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। पंजाब की कोशिश जीत की लय हासिल करने पर लगी होगी। 3 दिन पहले ही पंजाब किंग्स ने चेपॉक पर सीएसके को सात विकेट से हराया था। सीएसके 10 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर है। पंजाब किंग्स की टीम अभी 7वें नंबर पर चल रही है और प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है। यह मैच पंजाब के दूसरे घरेलू मैदान धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में होगा।

धर्मशाला में यह आईपीएल 2024 का पहला मुकाबला होगा। हालांकि इस मैदान पर लगातार मुकाबले हुए हैं। वर्ल्ड कप



2023 के दौरान भी मैदान पर कई मैचों का आयोजन हुआ था। पिछले आईपीएल सीजन यहां दो मैच हुए थे। एक मैच में 400 से ज्यादा रन बने थे, तब दूसरे में 188 का टारगेट चेज हो गया था। इसके बाद बल्लेबाजों का जलवा देखने के लिए फिर तैयार रहिए।

इस मैच में ओस की भूमिका नहीं रहेगी है। मैच दिन में 3 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा। इसके बाद टॉस उतना अहम नहीं होने वाला है। फिर भी टॉस जीतने वाली टीम पहले बॉलिंग कर सकती। ऐसी पिचों पर लक्ष्य का पीछा करना आसान होता है।

## जब ईशान के बोल्ड होने पर रोहित की पत्नी ने ढंक लिया चेहरा

मुंबई,(एजेंसी)। आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस ने अब तक खराब प्रदर्शन किया है। फ्रेंचाइजी ने हार्दिक पंड्या को कप्तानी सौपते समय सोचा होगा कि इस बार आईपीएल ट्रॉफी हम ही जीतेंगे, लेकिन टीम का प्रदर्शन इतना खराब रहा है कि मुंबई टीम पॉइंट्स टेबल में आखिरी नंबर पर भी जा सकती है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई को उसके घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में हराया। 11 मैचों में मुंबई की यह 8वीं हार थी। इस मैच में टीम की बैटिंग फेल रही। 170 रनों का लक्ष्य भी पार नहीं कर सकी। मुंबई इंडियंस को ईशान किशन ने तेज शुरुआत दिलाने की कोशिश की। दूसरे ओवर में मिचेल स्टार्क के खिलाफ उन्होंने दूसरी गेंद पर चौका मारा। फिर तीसरी गेंद पर ईशान ने छक्का जड़ दिया। लेकिन स्टार्क ने अगली



ही गेंद पर ईशान किशन को बोल्ड कर दिया। ईशान ने फिर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की थी लेकिन उनका लेग स्टंप उखड़ गया। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजहेद भी इस मैच को देखने वानखेड़े स्टेडियम पहुंची थीं। ईशान के बोल्ड होने पर उन्हें भरोसा ही नहीं हुआ। जब ईशान बोल्ड हुए तो कैमरा रितिका की तरफ गया। वह पूरी तरह शॉक में थीं और अपना चेहरा हाथ से ढंक लिया था। ईशान किशन ने 7 गेंदों पर 13 रनों की पारी खेली। उस समय ईशान के साथ दूसरे छोर पर रोहित शर्मा बैटिंग कर रहे थे। कोलकाता नाइट राइडर्स ने शुक्रवार को मुंबई इंडियंस को 24 रन से शिकस्त दी। जीत के लिए 170 रन का पीछा करते हुए मुंबई की टीम 18.5 ओवर में 145 रन पर आउट हो गयी।

# व्यापार

## करम सेफ्टी ने मिडास सेफ्टी इंडिया का अधिग्रहण किया

फरीदाबाद। करम सेफ्टी, एक अग्रणी वैश्विक पीपीई प्लेयर और फ़ॉल प्रोटेक्शन सॉल्यूशंस प्रदाता, हाथ सुरक्षा उत्पाद उद्योग में एक प्रमुख कंपनी मिडास सेफ्टी इंडिया के सफल अधिग्रहण की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। मिडास सेफ्टी इंडिया के अधिग्रहण से सुरक्षा उद्योग में बाजार के अग्रणी के रूप में करम समूह की स्थिति मजबूत हो गई है, जिससे गिरने से सुरक्षा और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण में करम की विशेषज्ञता को मिडास सेफ्टी इंडिया के हाथ सुरक्षा उत्पादों के व्यापक पोर्टफोलियो के साथ जोड़ा गया है। 1000 करोड़ रुपये के टर्नओवर वाले 25 साल




पुराने करम ग्रुप ने एक मंदी सौदे के माध्यम से 110 करोड़ रुपये की टॉप लाइन वाले मिडास सेफ्टी इंडिया के संचालन का अधिग्रहण किया है। हैंड प्रोटेक्शन उत्पाद मिडास सेफ्टी इंडिया के लिए एक प्रमुख राजस्व योगदानकर्ता हैं, जिसकी स्थापना 16 साल पहले हुई थी। आज, करम मिडास के ब्रांड, निंजा, टेकशन, वैलप्रो और फ्रंटियर के तहत प्रमुख उत्पाद वितरित करके उस परंपरा को गर्व से निभा रहा है। यह अधिग्रहण करम ग्रुप के लिए एक अच्छा रणनीतिक और वित्तीय रूप से उपयुक्त होगा और भारत में तेजी से बढ़ते पीपीई बाजार में महत्वपूर्ण बाजार के अवसर खोलेगा।करम ग्रुप साल दर साल 15त्न सीएजीआर से बढ़ रहा है और 2025 तक इस अतिरिक्त उत्पाद पोर्टफोलियो के साथ 1400 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य रख रहा है। अधिग्रहण पर टिप्पणी करते हुए, करम ग्रुप के अध्यक्ष, ग्लोबल सेल्स एंड मार्केटिंग, हेमंत सप्रा ने कहा, ÷करम के मिडास सेफ्टी इंडिया के अधिग्रहण के साथ, पीपीई उद्योग के दो प्रमुख कंपनी एकजुट हो गए हैं।

हम वैश्विक सुरक्षा नेतृत्व और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप, करम परिवार में मिडास सेफ्टी इंडिया का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। यह संघ हमारे उत्पाद रेंज का विस्तार करता है, हमारे ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले पीपीई की पेशकश करता है।

## टीबीओ टेक लिमिटेड का आईपीओ 08 मई, 2024 को खुलेगा




गुरुग्राम। टीबीओ टेक लिमिटेड (कंपनी या टीबीओ), बुधवार, 08 मई, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के लिए बोलियाँ खोलेगी। यह पेशकश शुक्रवार 10 मई, 2024 को बंद हो जाएगी। एंकर निवेशक बोली की तिथि मंगलवार 07 मई, 2024 होगी। प्रस्ताव का प्राइस बैंड रु 875 से 920 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 16 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 16 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियाँ लगाई जा सकती हैं (मूल्य बैंड)। इस ऑफर में कुल रु 4,000.00 मिलियन [रु 400.00 करोड़] मूल्य के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम (नया निर्गम) और कुछ शेयरधारकों द्वारा 12,508,797 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव (बिक्री के लिए प्रस्ताव, और नए निर्गम के साथ, प्रस्ताव) (कुल प्रस्ताव आकार) शामिल है। कंपनी प्रस्ताव के नए निर्गम हिस्से की शुद्ध आय का उपयोग (i) नए खरीदारों (नीचे परिभाषित) और आपूर्तिकर्ताओं को जोड़कर अपने प्लेटफॉर्म के विकास और सुदृढ़ीकरण के लिए करने का प्रस्ताव करती है, जिसमें शामिल होंगे (ए) कंपनी द्वारा टेक्नालोजी और डेटा सोल्युशंस में निवेश के लिए रु 1,350.00 मिलियन [रु 135 करोड़], (बी) विपणन और प्रचार गतिविधियों के माध्यम से प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं को शामिल करने और भारत के बाहर स्थित आपूर्तिकर्ता और खरीदारों को बढ़ाने के लिए बिक्री और अनुबंध कर्मियों को काम पर रखने के लिए अपनी सामग्री सहायक कंपनी, टेक ट्रैवल्स डीएमसीसी में निवेश के लिए रु 1,000.00 मिलियन [रु 100 करोड़], (सी) भारत में संगठन की विकास योजनाओं का समर्थन करने के लिए बिक्री, विपणन और बुनियादी ढांचे में रु 250.00 मिलियन [रु 25 करोड़] का निवेश; और (ii) अज्ञात इनओर्गेनिक अधिग्रहण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए ? 400.00 मिलियन [रु 40.00 करोड़] की राशि।

## मेडिक्लेम प्रक्रिया में लगने वाले अत्यधिक समय के कारण 50 प्रतिशत से अधिक रोगियों को डिस्चार्ज मिलने में होती है देर:सर्वे

गुरुग्राम। स्वास्थ्य सेवा प्रदाता प्रिस्टीन केयर के एक नए अध्ययन में यह पता चला है कि चिकित्सा बीमा दावों के लिए लगने वाले अत्यधिक समय के कारण प्रत्येक 10 में से 5 मरीजों को डिस्चार्ज मिलने में देरी का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य बीमा पॉलिसीधारकों द्वारा अनुभव की जाने वाली परेशानी को कम करने के लिए, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा 100 प्रतिशत कैशलेस हॉस्पिटल नेटवर्क सुविधा शुरू करने की संभावना है जिसमें सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध दोनों तरह के अस्पताल शामिल होंगे। अध्ययन से पता चला है कि 40 प्रतिशत से अधिक लोग भारत में स्वास्थ्य बीमा दावों में देरी के लिए अस्पताल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को जिम्मेदार मानते हैं, जबकि 25 प्रतिशत लोग इसके लिए अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच समन्वय की कमी को जिम्मेदार ठहराते हैं। जटिल दस्तावेजी प्रकियाएं भी इन देरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अध्ययन में यह भी पाया गया कि 10 में से 6 लोगों ने कभी भी स्वास्थ्य बीमा दावा प्रक्रिया शुरू नहीं की। ऐसा करने वालों में, 34 प्रतिशत ने कागजी कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया, जबकि 40 प्रतिशत को अपनी बीमा कंपनियों से समय पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। करीब 10 में से 3 मरीजों को प्री-अप्रूव्ड और अंतिम दावा राशि के बीच विसंगतियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, करीब 38 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि डिस्चार्ज प्रक्रिया में 8 घंटे से अधिक का समय लगा, क्योंकि अस्पतालों को दावा प्रक्रिया पूरी करने में लगभग इतने ही समय की जरूरत होती है। लगभग 10 में से 4 लोगों के पास अपनी पॉलिसी के नियम और शर्तों को लेकर स्पष्टता की कमी थी। इतना ही नहीं, करीब 18 प्रतिशत लोगों ने दावे की स्थिति के संबंध में अपनी बीमा कंपनियों से प्राप्त कम्युनिकेशन पर असंतोष व्यक्त किया। परिणामों पर बोलते हुए, डा. वैभव कपूर, सह-संस्थापक, प्रिस्टीन केयर, ने कहा, ÷कैशलेस हेल्थ इंश्योरेंस के लिए बताई गई सुविधा और पॉलिसीधारकों द्वारा अनुभव की गई वास्तविकता के बीच एक बहुत बड़ा अंतर है।

## एक नजर

### भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए छट्ठे दिन चार उम्मीदवारों ने भरा नामांकन, अब तक 13 प्रत्याशियों के आए नामांकन

**अटल हिंद संवाददाता/भिवानी।** भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए नामांकन के छट्ठे दिन आज शनिवार को चार उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन के लिए अब केवल सोमवार का दिन शेष है। आवेदन पत्र कमरा लघु सचिवालय नारनौल में जमा किए जा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर मोनिका गुप्ता द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी के बारे में बताया कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए अब तक कुल तेरह नामांकन दाखिल हो चुके हैं। शनिवार को छठे दिन धर्मबीर सिंह ने भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन पत्र भरा, वहीं मोहित चौधरी ने इसी पार्टी के कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर पर्चा भरा। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी से सुनील कुमार शर्मा ने तथा राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्या) के प्रत्याशी सुभाष ने अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 13 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। नामांकन दाखिल करते ही एनआइसी की टीम सारे कागजात को एनकोर साफ्टवेयर के माध्यम से अपलोड कर रही है।

### नीट की परीक्षा के चलते परीक्षा केंद्रों के आसपास परीक्षा के दौरान धारा 144 लागू

**अटल हिंद संवाददाता/भिवानी।** नीट की परीक्षा को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने को लेकर जिलाधीश ने पांच मई को जिला में परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जारी किए गए आदेशानुसार जिला भिवानी में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी यूजी-2024) के लिए लिखित परीक्षा पांच मई को बनाए गए सात परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 2 बजे से शाम 5¬20 बजे तक पूरे भिवानी जिले में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सभी केंद्रों पर ऐसे व्यक्तियों की अनियमित और अनधिकृत आवाजाही को रोकने के लिए कड़ी सतर्कता और निगरानी की आवश्यकता है, जिनका परीक्षा से सीधा संबंध नहीं है। परीक्षा केंद्र में किसी भी तरह के बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू करने के आदेश दिए गए हैं। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ-साथ यहां पर किसी भी प्रकार का हथियार लेकर जाने पर पाबंदी रहेगी। परीक्षा घंटों के दौरान जिला भिवानी में परीक्षा केंद्रों के आसपास 200 मीटर के दायरे में स्थित सभी फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहेंगी।

### श्री बाबा पीपलनाथ महाराज का आठमान व शंखाढाल के 2 दिवसीय भंडारा कार्यक्रम का आयोजन कल से

**देश भर से हजारों साधु संत कार्यक्रम में करेंगे शिरकत**



**अटल हिंद संवाददाता/नरवाना, 4 मई।** पंजाबी चौंक नरवाना पर स्थित डेरा बाबा पीपलनाथ जी में श्री बाबा पीपलनाथ जी महाराज का आठमान व शंखाढाल भंडारा कार्यक्रम का आयोजन 6-7 मई को होगा। श्री-श्री 1008 पूर्व राजा श्री तपोनिधि श्री संध्या नाथ जी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस 2 दिवसीय कार्यक्रम में देश भर से हजारों की तादाद में साधु संत भाग लेंगे। कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने के लिए यहां जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। 6 मई सोमवार को जागरण व शंखढाल का कार्यक्रम होगा। 7 मई को सुबह शोभा यात्रा निकाली जाएगी। फिर चदर कार्यक्रम होगा और बाद में विशाल भंडारा लगाया जाएगा जिसमें हजारों साधु-संतों के अलावा नरवाना के 5 गांवों व नरवाना शहर के लोगों को निमंत्रण दिया गया है। यह कार्यक्रम एल.आई.सी. रोड़ पर स्थित जाट सदन में होगा। कार्यक्रम के लिए भव्य पंडाल लगाया जा रहा है। कार्यक्रम में तिजारा अलवर (राजस्थान) के विधायक महंत योगी बालकनाथ जी विशेष रूप से शिरकत करेंगे। कार्यक्रम आयोजक योगी श्री महंत जागनाथ जी महाराज ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## राजीव जैन ने आगजनी के पीडितों को आर्थिक मदद दी



अटल हिंद संवाददाता

सोनीपत। बीते दिनों मॉडल टाउन के एक मकान तथा बहालगढ़ रोड स्थित ट्रक बॉडी रिपेयर की दुकान में शार्ट शर्किट के कारण हुई आगजनी से पीड़ित परिवारों को मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने निजी कोष से आर्थिक मदद प्रदान करके फौरी राहत प्रदान की।

राजीव जैन ने मॉडल टाउन में गौरव चोपड़ा परिवार को पचास हजार रूपये की आर्थिक मदद दी, जिनका आगजनी के कारण कमरे में रखा सारा घरेलु सामान जलकर राख हो गया था। राजीव जैन ने उस समय मौके पर पंहुचकर मदद का आश्वासन दिया था। पीड़ित परिवार दिल्ली की एक दुकान पर छोटी सी नौकरी करके गुजर बसर कर रहा है। राजीव जैन ने कहा कि वह परिवार की सरकार से भी मदद करवाने का प्रयास करेंगे। इसी तरह बहालगढ़ रोड स्थित ट्रक बॉडी की मरम्मत करने वाली दुकान साई बॉडी मेकर एन्ड डेकोरेशन में भी आग लगने से सारे उपकरण जल गए थे। पीड़ित दुकानदार मुकेश ने बताया कि वह अपना मरम्मत का काम चलाने में असमर्थ हो गए थे।

राजीव जैन ने दुकानदार को बीस हजार रूपये की नकद राशि प्रदान की। भाजपा नेता राजीव जैन शुक्रवार की रात को कच्चे क्वार्टर में हसीजा गारमेंट्स की दुकान में हुई आगजनी की घटना की सूचना मिलने पर रात को ही सांत्वना देने पहुंचे और आर्थिक मदद का आश्वासन दिया।

# कुरुक्षेत्र के विकास के लिए नवीन जिन्दल का डोर टू डोर अभियान, सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में चला अभियान

**थानेसर** : नवीन जिन्दल, सुभाष सुधा
**लाडवा** : शालू जिन्दल, साक्षी खुराना, पवन गर्ग
**रादौर** : सावित्री जिन्दल, करणदेव काम्बोज
**शाहाबाद ङ्क** कृष्ण बेदी
**पूंडरी** : तेजवीर सिंह, सुभाष हजवाना, सुनीता सिंह
**कैथल** : लीलाराम गुर्जर, अशोक गुर्जर
**गुहला चीका** : कुलवंत बाजीगर, रवि तारांवाली
**कलायत** : कमलेश ढांडा

अटल हिंद/तरसेम सिंह



कुरुक्षेत्र। भारतीय जनता पार्टी ने 25 मई को होने वाले मतदान के मद्देनजर अपना जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में पूरे कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सभी 9 के 9 विधानसभा क्षेत्रों कल देर शाम डोर टू डोर अभियान चलाया गया। थानेसर विधानसभा क्षेत्र की न्यू कॉलोनी में नवीन जिन्दल और राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने मिलकर डोर टू डोर अभियान चलाया। इस अभियान में उनके साथ थानेसर नगरपरिषद की निवर्तमान अध्यक्ष उमा सुधा, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि बतान, युवा भाजपा मोर्चा जिला अध्यक्ष साहिल सुधा, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संजीव सीकरी, शाम जुनेजा, गोरे लाल जुनेजा, भाजपा नेत्री लक्ष्मी अरोड़ा, मंडल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा, दीपक चौहान, रविंद्र सांगवान, फतेहचंद गांधी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल और राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने घर घर जाकर लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की।

इस अवसर पर नवीन जिन्दल ने कहा कि उनका हमेशा यही मानना रहा है कि घर-घर सम्पर्क से आपसी रिश्ते बनते हैं और हम एक-दूसरे के घर आकर अपने सुख-दुख सांझा करते हैं। ÷हम आपके घर आएँगे तो आप भी पूरे अधिकार और हक के साथ मेरे घर आओगे। मैं रिश्ते बनाने में विश्वास रखता हूँ। मोदी जी पर लोगों का विश्वास और जोश ये बता रहा है कि कमल का खिलना तय है।÷

राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि भाजपा हरियाणा में 10 की 10 सीटों पर भारी मतों से जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि पूरे कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में एक साथ सभी 9 के 9 विधानसभा क्षेत्रों में डोर टू डोर अभियान चलाया गया और लोगों से 25 मई को भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की गई। भाजपा नेत्री एवं नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष उमा सुधा ने भी डोर टू डोर अभियान में नारी शक्ति को अपना आशीर्वाद और समर्थन नवीन जिंदल को देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया।

### चार इंजन की सरकार, सबके काम होंगे: नवीन जिन्दल

**कुरुक्षेत्र में कहीं विरोध नहीं, सबको अपनी बात रखने का हक**

कुरुक्षेत्रः भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिन्दल ने आज कहा कि चार इंजन की सरकार में कुरुक्षेत्र में सबके काम होंगे। विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री मिलकर चार इंजन बनते हैं और इतने लोगों का ध्यान होगा तो कुरुक्षेत्र भी वाराणसी, अयोध्या, मथुरा और काशी की तरह पूरी दुनिया में धार्मिक-आध्यात्मिक पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र बन जाएगा। पलवल, खेड़ी रामनगर, चंद्रभानपुरा, खासपुर, फत्तुपुर, खेड़ी ब्राह्मण, सुनहरी खालसा, ईशाकपुर, कुवरखेड़ी,टिगरी खालसा, अभिमन्युपुर और थानेसर शहर में विभिन्न स्थानों पर जनसम्पर्क करने के दौरान उन्होंने कहा कि अब देश हो या विदेश, हमारे युवाओं को पूरे स्वाभिमान से रोजगार प्राप्त करने या स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। कुरुक्षेत्र और कैथल दोनों जगह कौशल विद्या केंद्र खोलकर 10 हजार युवकों को तकनीकी प्रशिक्षण देने की उनकी योजना है, जहां विदेशी कंपनियां आएंगी और बच्चों को अपने यहां रोजगार देंगी। ये संस्थान देश के अग्रणी कौशल विकास संस्थान होंगे। उन्होंने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र में किसानों का कोई विरोध नहीं है। वे अपनी बात रखने आते हैं और लोकतंत्र में सभी को इसका हक है। भाजपा सरकार ने किसानों के लिए जितने काम किये, उतना किसी ने नहीं किया है।

राज्यमंत्री और लोकसभा प्रभारी सुभाष सुधा ने आह्वान किया कि भारी मतों से नवीन जिन्दल को विजयी बनाएं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रवि बतान, पशुधन बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, रविंद्र सांगवान, डीपी चौधरी, रवि पलवल, रजनीश मंडल, सुरेंद्र, देवेंद्र शर्मा पूर्व मंत्री, सुखदेव, साहिल सुधा, मनदीप, हर्षदीप आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## गांव रामगढ़ पांडवा में बिजली का करंट लगने से 31 वर्षीय युवक की मौत

**गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने नेशनल हाईवे पर लगाया जाम**
**ग्रामीणों का आरोप कई महीनों से ट्रांसफार्मर खराब बार-बार शिकायत करने के बाद भी नहीं किया गया ठीक**
**पुलिस जांच अधिकारी पर भी लगाए सुनवाई नहीं करने के आरोप**

अटल हिंद/तरसेम सिंह



कलायत। शुक्रवार देर रात्रि बिजली का करंट लगने से गांव रामगढ़ पांडवा निवासी 31 वर्षीय युवक संदीप पुत्र नफे सिंह की मौत हो गई। युवक की मौत पर गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने बिजली निगम अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शनिवार सुबह कलायत बाईपास के पास नेशनल हाइवे-152 पर जाम लगा दिया। इस दौरान उन्होंने मामले में पुलिस जांच अधिकारी पर भी सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी रामनिवास द्वारा ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया तब करीब आधा घंटे बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया। मृतक के बड़े भाई प्रदीप ने बताया कि शुक्रवार रात्रि करीब 11 बजे अचानक उनके घर की लाइट चली गई। लाइट किस कारण गई है यह जानने के लिए वह संदीप के साथ गली में रखे ट्रांसफार्मर के पास पहुंचे तो अचानक संदीप ट्रांसफॉर्म में लगे हैंडल के संपर्क में आ गया। उसे करंट का जोरदार झटका लगा और वह नीचे गिर गया। ग्रामीण और परिजनों की सहायता से गंभीर अवस्था में संदीप को कैथल के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। थाना प्रभारी रामनिवास ने कहा कि गांव रामगढ़ पांडवा में जो घटना घटी है उसकी गहनता से जांच कर नियम अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

**ट्रांसफार्मर ठीक करवाने के लिए कई बार बिजली निगम अधिकारियों को कर चुके थे सूचित**

मृतक के बड़े भाई प्रदीप ने बिजली निगम अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि गली में रखा गया ट्रांसफार्मर पिछ्ले कई महीनों से खराब है। जिसमें 11000 वोल्ट की तारों से जुड़ा ट्रांसफार्मर का स्विच भी काम नहीं कर रहा है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा ट्रांसफार्मर ठीक करवाने के लिए कई बार बिजली निगम अधिकारियों को सूचित किया गया लेकिन उनके द्वारा ट्रांसफार्मर ठीक नहीं किया गया। जब संदीप को करंट लगा उस समय भी 440 वोल्ट की तार डायरेक्ट हैंडल पर लगी हुई थी। उनकी लापरवाही के कारण ही संदीप को अपनी जान गंवानी पड़ी। संदीप के परिजनों ने पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

**किसी कर्मचारी की कोई लापरवाही सामने आती है तो नियम अनुसार की जाएगी कार्रवाई : एसडीओ**

निगम एसडीओ अंकित कुमार ने बताया कि गांव रामगढ़ पांडवा में हादसे के क्या कारण रहे इसकी गहनता से जांच की जाएगी। निगम के किसी कर्मचारी की कोई लापरवाही सामने आती है तो नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ अंकित कुमार ने बताया कि किसी ट्रांसफार्मर में कोई खराबी है तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित कार्यालय में दे सकते हैं। उन्होंने सभी ग्रामीणों से ट्रांसफॉर्म से दूरी बनाए रखने की अपील की है।

## नीट की परीक्षा के चलते परीक्षा केंद्रों के आसपास परीक्षा के दौरान धारा 144 लागू




अटल हिंद संवाददाता

भिवानी। नीट की परीक्षा को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने को लेकर जिलाधीश ने पांच मई को जिला में परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जारी किए गए आदेशानुसार जिला भिवानी में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी यूजी-2024) के लिए लिखित परीक्षा पांच मई को बनाए गए सात परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 2 बजे से शाम 5¬20 बजे तक पूरे भिवानी जिले में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सभी केंद्रों पर ऐसे व्यक्तियों की अनियमित और अनधिकृत आवाजाही को रोकने के लिए कड़ी सतर्कता और निगरानी की आवश्यकता है, जिनका परीक्षा से सीधा संबंध नहीं है। परीक्षा केंद्र में किसी भी तरह के बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू करने के आदेश दिए गए हैं। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ-साथ यहां पर किसी भी प्रकार का हथियार लेकर जाने पर पाबंदी रहेगी। परीक्षा घंटों के दौरान जिला भिवानी में परीक्षा केंद्रों के आसपास 200 मीटर के दायरे में स्थित सभी फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहेंगी।

## कलायत अनाज मंडी व खरीद सेंटरों पर शनिवार तक कुल 10 लाख 28 हजार 740 क्विंटल गेहूं की हुई खरीद

**8 लाख 91 हजार 304 क्विंटल गेहूं का हुआ उठान**

अटल हिंद/तरसेम सिंह



कलायत। अनाज मंडी व खरीद सेंटरों पर शनिवार तक कुल 10 लाख 28 हजार 740 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। शाम तक गेहूं की करीब 87 प्रतिशत तक लिफ्टिंग भी हो चुकी है। जानकारी देते हुए मार्केट कमेटी सचिव अरविंद श्योकंद व मंडी सुपरवाइजर मोमन शर्मा ने बताया कि अनाज मंडी कलायत व परचेज सेंटरों पर सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड व वेयरहाउस द्वारा शनिवार तक कलायत अनाज मंडी में 6 लाख 67 हजार 834 क्विंटल व खरीद सेंटरों पर 3 लाख 60 हजार 906 क्विंटल की खरीद की गई जिसमें से शनिवार शाम तक 8 लाख 91 हजार 304 क्विंटल गेहूं का उठान किया जा चुका है। कलायत अनाजमंडी के बाहर अभी भी खरीद केंद्रों पर खुले आसमान के नीचे कच्चे में गेहूं के हजारों कट्टे पड़े हुए हैं। उठान धीमा होने व बदलते मौसम के चलते किसान व मंडी व्यापारियों को चिंता भी सता रही है।

## पूरे हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में माहौलः संध्या राव

अटल हिंद संवाददाता



भिवानी। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी रावदान सिंह की धर्मपत्नी संध्या राव ने कहा कि राहुल गांधी ने कांग्रेस का जो न्याय पत्र जारी किया है। उसमें हर वर्ग जवान, बेरोजगार और महिलाओं के लिए एक लाख रुपए, किसानों को एमएसपी की गारंटी व कर्जा माफ और मजदूर को न्यूनतम वेतन 400 रुपए, एजुकेशन लोन माफ जाएगा। संध्या राव बीती देर शाम भिवानी चुनाव कार्यालय में पहुंची। इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। संध्या राव ने कहा कि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र समेत पूरे हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है। कार्यकर्ताओं के जोश और मतदाताओं के रुझान को देखते हुए लगता है कि राव दान सिंह रिकॉर्ड मतों से विजयी होंगे। उन्होंने कहा कि इस बार केवल लोकसभा का चुनाव नहीं है, ये आने वाली सरकार का भी फैसला करेगा। हरियाणा की 36 बरादरी इंडिया गठबंधन को जीताने के लिए तैयार है। हर वर्ग बीजेपी से परेशान है। इसलिए सभी को एकजुट होकर और एक मकसद के साथ भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार रावदान सिंह को भारी मतों से जीताकर संसद में भेजना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा बेरोजगारी में नंबर वन है, जिस कारण युवा विदेशों की ओर पलायन कर रहे हैं।

## ब्रह्मलीन परम महंत गंगापुरी के 83वें प्रकाशोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित

अटल हिंद संवाददाता



पिहोवा। श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के पूर्व सचिव एवं श्री संगमेश्वर धाम अरूणाय के व्यवस्थापक रहे ब्रह्मलीन परम पूजनीय महंत गंगापुरी के 83वें प्रकाशोत्सव पर चिंतपूर्णी धाम में एक धार्मिक समागम का आयोजन महंत बंसी पुरी के सानिध्य में किया गया। समागम में पहुंचे महामंडलेश्वर स्वामी हरिश्चंद्र पुरी अमेरिका वाले, स्वामी शिवपुरी लंदन, महामंडलेश्वर स्वामी विद्या गिरी , साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष महंत बंसी पूरी, संत ज्ञानेश्वर सहित पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी, उदासीन एवं निर्मल अखाड़ा व षडदर्शन साधु समाज के अनेक संत महात्माओ ने महंत गंगा पुरी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भेंट कर उन्हे अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के आयोजक लक्ष्मी नारायण पुरी ने बताया कि इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें संत महात्माओं सहित भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। महामंडलेश्वर स्वामी हरिश्चंद्र पुरी ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत गंगापुरी उच्च कोटि के संत थे। उनके द्वारा संचालित संस्थाएं आज भी निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। महंत बंसी पुरी ने कहा कि गंगापुरी ने जहां सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र के कार्यों में बढ़-चढ़कर काम किए वहीं लोगों को धार्मिकता के साथ जोड़कर समाज में एक मिसाल कायम की।

## बिना अनमुति के केबल टीवी नेटवर्क संचालित करने वालों की केबल हटवायें : उपायुक्त

अटल हिंद संवाददाता



सोनीपत। उपायुक्त मनोज कुमार ने बिना अनुमति लिए केबल टीवी नेटवर्क का संचालन करने वाले संचालकों की केबल हटवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के किसी भी केबल नेटवर्क का संचालन गैर-कानूनी है। इसलिए अनिवार्य रूप से केबल टीवी नेटवर्क संचालक आवश्यक अनुमति अवश्य लें। लघु सचिवालय में दोपहर बाद केबल टीवी नेटवर्क संचालकों की विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त कर रहे थे। उपायुक्त ने केबल टीवी नेटवर्क संचालकों के प्रतिनिधियों से सवाल पूछा कि वे बिजली के खंभों व सरकारी इमारतों आदि के ऊपर से केबल की तारें क्यों लेकर गये हैं। क्या इसके लिए उन्होंने कोई अनुमति ली है। उपायुक्त के इस सवाल को उनके पास कोई जवाब नहीं था, अपितु एक केबल टीवी संचालक ने उनकी बात को स्वीकार किया। उपायुक्त ने कहा कि बिजली के खंभों तथा सरकारी इमारतों के प्रयोग के लिए अनुमति की जरूरत होती है। अनुमति के साथ उनकी निर्धारित फीस जमा करवानी जरूरी होती है। अनुमति के बिना केबल नहीं लगाया जा सकता।

# शालू जिन्दल ने लोगों को बताया कि कैसे होगा कुरुक्षेत्र का विकास

अटल हिंद/तरसेम सिंह



कुरुक्षेत्र। भारतीय जनता पार्टी के कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी नवीन जिन्दल की पत्नी और नेशनल बाल भवन की पूर्व चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने आज लाडवा की वीआईपी कॉलोनी, महावीर कॉलोनी, इंद्री चौक के पास, संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल और कुरुक्षेत्र में सेक्टर-8,4,7, मॉडल टाउन और कल्याण नगर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में कुरुक्षेत्र के विकास का रोडमैप रखा और बताया कि प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए लोगों के साथ मिलकर वे क्या-क्या काम करेंगी।

श्रीमती जिन्दल का सभी स्थानों पर जोरदार स्वागत हुआ। उन्होंने कहा कि यशस्वी योजना के तहत उन गरीब और लाचार बेटियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा, जो आर्थिक तंगी के कारण आगे नहीं पढ़ पा रही हैं। उनकी ट्यूशन फीस का भार वे उठाएंगी जो 10वीं और 12वीं कक्षा पास करके डॉक्टर, इंजीनियर बनना चाहती हैं या कोई बड़ा काम करना चाहती हैं। उन्होंने दिव्यांग लोगों, खासकर बच्चों के पुनरुद्धार और विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए जिन्दल-आशा केंद्र भी खोलने की घोषणा की जहां उन्हें हर तरह के उपचार और शिक्षा दी जाएगी।

श्रीमती जिन्दल ने एक बार फिर युवाओं के लिए कौशल विद्या केंद्र खोलने की घोषणा की, जहां प्रशिक्षण प्राप्त कर बच्चे अपने भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपने 10 साल के कार्यकाल में नवीन जिन्दल ने सगुन योजना में 10 करोड़ रुपये खर्च किये क्योंकि यहां की हर बेटी को उन्होंने अपनी बेटी माना। उन्होंने 70 हजार टॉयलेट बनाकर कुरुक्षेत्र को स्वच्छ जिला बनाने में योगदान किया।

श्रीमती जिन्दल ने 25 मई को कमल के फूल के सामने का बटन दबाकर नवीन जिन्दल को जिताने की अपील की, जिससे तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर विकसित भारत का सपना साकार किया जा सके।

# सीएम नायब सिंह सैनी 6 मई को लाडवा में विजय संकल्प रैली को करेंगे संबोधित:डॉ पवन सैनी

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा



लाडवा 4 अप्रैल। लाडवा के पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी ने देश के पीएम नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट के लिए नवीन जिंदल जैसे व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति को कमल का फूल देकर भेजा है। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल बहुत भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगे। पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी शनिवार को लाड़वा मे एक निजी होटल में पत्रकारों को 6 मई को दोपहर 3 बजे नई अनाज मंडी लाडवा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के पक्ष में होने वाली विजय संकल्प रैली का न्यौता देने पहुंचे। उन्होंने कहा कि नवीन जिन्दल बहुत ही अच्छे व्यक्तित्व के मालिक हैं। उन्होंने कहा कि नवीन जिन्दल कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगे। उन्होंने सिलसिलेवार प्रधानमंत्री की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि उन्होंने देश के हर वर्ग के हितों के लिए काम किया है। वहीं उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी प्रदेश के विकास के लिए दिन-रात घूम रहे हैं। एक सवाल के जवाब में पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी ने कहा कि नवीन जिंदल का किसी से कोई मुकाबला नहीं है बल्कि मुकाबला इनेलो और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों में नंबर दो व नंबर तीन पर आने का है। इस अवसर पर पिपली मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ,लाड़वा मण्डल अध्यक्ष प्रवीण पांचाल, शिव अरोड़ा, मेघराज सैनी, अरुण सैनी, पिपली मण्डल किसान मोर्चा गुरु दत्त शर्मा आदि भी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा 11 बोतल 39 पव्वे देसी शराब सहित आरोपी काबू

**अटल हिंद संवाददाता/कैथल, 04 मई।** अवैध शराब तस्करों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा एक आरोपी को 11 बोतल 39 पव्वे देसी शराब सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सिविल लाइन पुलिस के एचसी संदीप कुमार की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना उपरांत ढांड रोड़ कैथल स्थित एक दुकान पर दबिश देकर आरोपी कंबोज कालोनी कैथल निवासी राजकुमार को काबू कर लिया गया। जांच दौरान आरोपी के कब्जे से 11 बोतल व 39 बोतल देसी शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज करके पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल मे लाई जा रही है।

### कातिलाना हमला करने के मामले में तितरम पुलिस द्वारा 3 आरोपी गिरफ्तार

**अटल हिंद संवाददाता/कैथल, 04 मई।** हमला करके कातिलाना हमला करने के मामले की जांच थाना तितरम पुलिस के पीएसआई सुनील कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी तितरम निवासी अनिल व राजू तथा गांव बुढाखेड़ा निवासी आशीष को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि तितरम निवासी मोहित की शिकायत अनुसार उनके गांव के एक व्यक्ति की 9.5 किले खेती योग्य भूमि उन्होने ठेके पर लिया था। उसी जमीन को पिछले साल उनके ही गांव के मेहर सिंह ने ठेके पर लिया हुआ था। मेहर सिंह के लड़के शीलू ने शिकायतकर्ता के भाई अंकुश को पहले ही कहा था कि तुमको हम इस जमीन पर बोने नहीं देंगे। 3 मई की सुबह वह उसका भाई अंकुश, उसका चचेरा भाई अमन व अन्य उस जमीन को देखने के लिए गए हुए थे। शिकायत अनुसार जब वह अपने भाई अमन के साथ बाइक पर वापिस आ रहा था तो तितरम मोड़ के पास एक क्रेटा गाड़ी ने उनको सीधी टक्कर मारी। गाड़ी से 5-6 लड़के नीचे उतरे जो उसके पीछे लाठी गंडासी लेकर आए। जिनमें से उसने शीलु व आशीष को पहचान लिया। आरोपियों द्वारा उसके ऊपर गंडासी से हमला करके चोटे मारी गई। राहगीरों को आता देखकर सभी आरोपी गाड़ी में सवार होकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। जिस बारे थाना तितरम में मामला दर्ज किया गया। सभी आरोपी शनिवार को अदालत में पेश किए जाएंगे, जिनसे पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

### ट्रक से गेहूं की बोरियां चुराने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अटल हिंद संवाददाता/कैथल, 04 मई।** ट्रक से गेहूं की बोरियां चुराने के मामले में में चौकी रामथली पुलिस के एचसी बजिंद्र की टीम द्वारा आरोपी खरकां निवासी गुरविंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पलासौर पंजाब निवासी हरमनप्रीत की शिकायत अनुसार उन्होंने रामथली मंडी से ट्रक में गेहूं की बोरियां लोड की थी और सप्लाई के लिए कैथल जा रहे थे। ट्रक के पीछे उनकी स्विफ्ट गाड़ी जा रही थी। खरकां के पास 2 लड़के ट्रक पर चढ गए तथा गेहूं की बोरी उतारने लगे। उन्होंने एक कट्टा निचे फेंक दिया। उन्होंने गाड़ी रोककर उनको पकड़ने का प्रयास किया। जो एक लड़का भाग गया परंतु गुरविंद्र को उनके द्वारा काबू कर लिया गया। जिस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज किया गया। आरोपी शनिवार को अदालत में पेश किया जाएगा, जिससे पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

### थाना गुहला पुलिस द्वारा नशा तस्कर 5.30 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**अटल हिंद संवाददाता/कैथल, 04 मई।** एक तरफ जहां पर एसपी उपासना के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा नशा ना करने बारे आमजन को जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी मुहिम तहत थाना गुहला पुलिस द्वारा एक नशा तस्कर को 5.30 ग्राम हेरोइन सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना गुहला पुलिस के एएसआई सलिंद्र कुमार की टीम शाम के समय गश्त दौरान सलेमपुर रोड गुहला पर मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि प्लाट चाणचक निवासी धर्मप्रीत काफी समय से नशीला पदार्थ हेरोइन बेचने का धंधा करता है।

# पूर्व विधायक शेर सिंह बडशामी के नेतृत्व में साहिल सहारण ने समर्थकों सहित थामा इनेलो का दामन

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा




बाबैन, 4 मई। आज इनैलो को उस समय मजबूती मिली जब गांव उमरी में युवा साहिल सहारण उमरी और मोनू ने अपने समर्थकों सहित अन्य पार्टियों को छोडक़र पूर्व विधायक शेर सिंह बडशामी के नेतृत्व में इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी में शामिल हुए। पूर्व विधायक शेर सिंह बडशामी ने साहिल सहारण को पूरा मान सम्मान देने की बात कही । साहिल सहारण ने कहा की पार्टी के लिए पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करूंगा। इस अवसर पर इनेलो के वरिष्ठ नेता जगदीप दुगारी, युवा इनेलो नेता राजेश पायलट, युवा इनेलो नेता धीरज नैन, लाडवा हल्का प्रधान राजिंद्र कश्यप दुधला, मोनू बरहान मुख्य रूप से मोजूद थे। उन्होंने कहा कि अभय चौटाला ने सदा ही किसानों के हितों की लडाई लडने का काम किया है और किसान आंदोलन के दौरान किसानों के हितों के लिए अपने पद से त्यागपत्र देने का काम किया। उन्होंने कहा कि अभय चौटाला एक दमदार नेता हैं और जनता के हक की आवाज को मजबूती से उठाते हैं इसलिए जनता का उन्हें हर जगह भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने लाडवा हल्के के लागों से अपील करते हुए कहा कि इस बार इनैलो के पक्ष में मतदान करके इनैलो प्रत्याशी अभय चौटाला को भारी मतों से जिताने का काम करें।

# प्रत्येक सरकारी कर्मचारी व अधिकारी का सपना सकुशल सेवानिर्वित होना: एसडीएम नसीब कुमार

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा



बाबैन, 4 मई। हरियाणा रिवैन्यू विभाग में पटवारी के पद पर करीब 29 साल की लंबी सेवाएं देने के उपरांत उप-तहसील बाबैन में रामशरण माजरा सर्कल में कार्यरत योगराज पटवारी 30 अप्रैल को अपने पटवारी पद से सेवानिर्वित हुए। उनके सेनानिर्वित होने पर बाबैन के एक निजी रिसोर्ट में हल्का पटवारियों द्वारा एक विदाई पार्टी का आयोजन किया। जिसमें लाडवा एसडीएम नसीब कुमार व नायब तहसीलदार महेश कुमार, पटवारी सुरजीत सिंह, मोहित कुमार, देवेन्द्र कुमार, कुलदीप सिंह, कानूनगो प्रवीन कुमार, रामपाल, क्लर्क सुरेश गौतम, गौरव शर्मा, कवंरपाल शर्मा, सपना रानी व वसीका नवीस गुरशेर सैनी, ध्यान चन्द, अशोक कन्दौली, रविन्द्र कुमार, इकबाल, लखविन्द्र सिंह, ऑपरेटर रविन्द्र कुमार, सुरेश कुमार, सुरेन्द्र डोडी आदि ने शिरकत की। इस मौके पर एसडीएम लाडवा नसीब कुमार ने बताया कि आज की भागदौड भरी तथा इंटरनैट सुविधाओं से चकाचौंध जिंदगी में सरकारी पद पर रहते हुए सकुशल रिटायर्ड होना प्रत्येक सरकारी कर्मचारी व अधिकारी का सपना होता है, क्योंकि आज प्रत्येक क्षेत्र में अनेक जटिलताएं पैदा हो चुकी है और पटवारी हर समय व्यस्तापूर्ण कार्य है।

उन्होंने इस मौके पर रिटायर्ड पटवारी योगराज व उनके परिवार को शुभकामनाएं दी और उनके पटवारी पद पर होते हुए ईमानदारी व लगन से कार्य करने की शैली की भूरि-भूरि प्रशांसा की।

# बसपा के कवरिंग प्रत्याशी समेत कुल पांच उम्मीदवारों ने दाखिल किये नामांकन



अटल हिंद संवाददाता

सोनीपत। नामांकन जमा करवाने के छठे दिन जजपा के प्रत्याशी भूपेंद्र मलिक तथा इनेलो के उम्मीदवार अनूप दहिया ने शनिवार को अपने नामांकन जमा करवाये। आज एक कवरिंग प्रत्याशी सहित कुल पांच उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल करवाये। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनोज कुमार ने बताया कि बसपा के कवरिंग उम्मीदवार सहित कुल पांच प्रत्याशियों ने अपने नामांकन जमा करवाये। बसपा के कवरिंग प्रत्याशी के रूप में सेवानिवृत्त कर्मचारी धर्मवीर ने नामांकन भरा। जजपा के उम्मीदवार के रूप में भूपेंद्र मलिक ने नामांकन जमा करवाया, जिन्होंने अपना व्यवसाय खेतीबाड़ी दर्शाया है।

# वाहन चोरों के खिलाफ कैथल पुलिस का विशेष अभियान

**2 बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 4 आरोपी काबू, 13 चोरीशुदा बाइक बरामद,**

**गत माह भी वाहन चोरी के 22 मामलो में 29 आरोपियों को काबू करके किए गए 29 वाहन बरामद**

अटल हिंद संवाददाता



कैथल, 04 मई। वाहन चोरों के खिलाफ एसपी उपासना के नेतृत्व मे जिला पुलिस द्वारा विशेष मुहिम चलाकर शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में सीआईए-1 पुलिस व एवीटी स्टाफ द्वारा उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए 2 बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 4 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से कुल 13 चोरी की बाइक बरामद की गई। प्रेस वार्ता दौरान डीएसपी ललित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया सीआईए-1 प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह की अगुवाई में एसआई जसवंत सिंह, एचसी जसमेर सिंह, एचसी राजीव कुमार, एचसी सुभाष की टीम द्वारा 2 मई की रात खनौरी रोड संगतपुरा से आरोपी अरनव थेह गोपालपुर जिला पटियाला पंजाब निवासी दीप राम तथा मटौली जिला पटियाला पंजाब निवासी भाजु राम को काबू कर लिया गया। बता दें कि कसान निवासी अमित कुमार की शिकायत अनुसार 11 अप्रैल को बस स्टैंड कैथल से उसकी बाइक अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गए। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया था। दोनो आरोपियों को न्यायालय से 2 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया। डीएसपी ने बताया कि रिमांड अवधि दौरान आरोपियों से पूछताछ उपरांत उनके कब्जे से कुल 10 चोरीशुदा बाइक बरामद की गई। डीएसपी ने कहा कि एसपी उपासना द्वारा वाहन चोरों पर शिकंजा कसने के आदेश दिए हुए है। इन पर काम करते हुए कैथल पुलिस द्वारा गत माह 22 मामलो में 29 आरोपियों को काबू करके 29 वाहन बरामद किए गए, जिनमें 4 व्हीकल अन्य जिलों के है तथा 4 व्हीकल का अभी तक रिकॉर्ड नहीं है शेष वाहन कैथल जिले से चोरी होने पाए गए। इन आरोपियों में 2 कबाड़ी भी काबू किए गए जिनके कब्जे से कट्टी हालात में बाइक के पार्ट्स बरामद किए गए। कबाड़ियों को संदेश देते हुए डीएसपी ने कहा कि चोरीशुदा संपत्ती ना खरीदें, अन्यथा उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। दूसरे मामले बारे जानकारी देते हुए डीएसपी ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ इंचार्ज एसआई राजेंद्र सिंह की अगुवाई में एएसआई जसवीर सिंह की टीम द्वारा बाइक चोरी मामले में आरोपी ककराला जिला पटियाला पंजाब निवासी आरोपी हरदीप व जसपाल सिंह को काबू किया गया।

# वेदांता किड्स स्कूल में मैंगो डे का किया आयोजन


अटल हिंद संवाददाता



नरवाना, 4 मई। वेदांता इंटर नैशनल किड्स स्कूल बसंत विहार में शनिवार को ग्रीष्मावकाश से पूर्व छोटे बच्चों के लिए मैंगो डे का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल चेयरमैन रवि श्योकंद, निदेशक प्रदीप नैन व प्राचार्या उमा यादव विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस गतिविधि में बच्चों ने भाग लेते हुए खूब मौज मस्ती की। बच्चों ने आम का आनन्द लिया। अध्यापक व विद्यार्थी मैंगो डे के अनुसार पीली वेशभूषा में आए। स्कूल को पीले रंग को आधार रखते हुए सजाया गया, जिससे इस दिन का आकर्षण ओर बढ़ गया। निदेशक प्रदीप नैन ने कहा कि छोटे बच्चे मिट्टी के घड़े के समान होते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ उनका मनोरंजन भी आवश्यक है जो उनके लिए उर्जा का कार्य करता हैं। इस तरह के दिवस स्कूल में मनाए जाते रहते हैं। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को फलों के महत्व के बारे में बताना है। मौसमी फल स्वास्थ्य के लिए अच्छे होते हैं। समय-समय पर ऐसी गतिविधियों का आयोजन बच्चों का विकास करने में कारगर साबित होती हैं।

# प्रजातंत्र में जनशक्ति ही सबसे बड़ी शक्ति : अजय चौटाला

अटल हिंद संवाददाता



नरवाना, 4 मई। जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ने कहा कि प्रजातंत्र में जनशक्ति की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए और क्षेत्र के विकास के लिए सत्ता और ताकत जरूरी है और वो ताकत जनशक्ति अपने वोटों के माध्यम से ही दे सकती है। अजय चौटाला शनिवार को नरवाना पहुंचे थे। अजय चौटाला ने हुड्डा मार्किट में सिरसा लोकसभा क्षेत्र से जजपा प्रत्याशी रमेश खटक के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया और फिर वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जजपा ने साढ़े 4 साल के शासनकाल में प्रदेश भर में जनसंपर्क अभियान चला कर लोगों की समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में जजपा को 17 प्रतिशत वोट प्रदेश की जनता के मिले जिसकी बदौलत जजपा के 10 विधायक चुन कर विधानसभा में पहुंचे और उसी की बदौलत राज में हिस्सेदारी हुई। उन्होंने कहा कि जजपा ने लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए व प्रदेश के हर क्षेत्र के विकास के लिए भरसक प्रयास किए। इससे पूर्व जजपा कार्यकर्त्ताओं ने हरियल चौंक पर अजय चौटाला का स्वागत किया और वहां से जुलूस के रूप में अजय चौटाला को लेकर हुड्डा ग्राऊंड में पहुंचे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया : दल सिंह मल्लाह

**भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के समर्थन में 6 मई को लाडवा अनाजमंडी आयोजित विजय संकल्प रैली में बढ चढ कर पहुंचें**

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा



बाबैन, 4 मई। लोकसभा के पूर्व ज्वाईट सेक्रेटरी दल सिंह मल्लाह ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के समर्थन में 6 मई को लाडवा अनाजमंडी मे विजय संकल्प रैली का आयोजन किया जा रहा है इस रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी व भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल मुख्य रूप से संबोधित करेंगे इसलिए सभी कार्यकर्त्ता इस रैली में बढचढ कर पहुंचें। दल सिंह मल्लाह बाबैन में पूर्व ब्लॉक प्रधान सुरेश कश्यप के कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास के जिस संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है, वह बाबा साहेब आंबेडकर के सर्वस्पर्शी समतामूलक समाज की परिकल्पना से ही प्रेरित है। गरीबों का जीवन स्तर बेहतर बनाना, विभिन्न क्षेत्रों में अवसरों की समानता को सुनिश्चित करना तथा लोकतंत्र में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना मोदी सरकार की नीतियों में प्राथमिकता का विषय है। इसका परिणाम आंकड़ों में भी नजर आता है। लंबे समय तक बाबा साहेब आंबेडकर के नाम पर राजनीतिक हित साधने वालों ने उनके विचारों को कभी भी मूर्त रूप नहीं दिया, लेकिन आज मोदी सरकार में बाबा साहेब के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को पंचतीर्थ का रूप दिया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने सीएए कानून लागू कर, 370 को खत्म किया, तीन तलाक जैसी बुराई रोकने का कानून बनाया, गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं शुरू की, रोजगार के अवसर देने के लिए कई अद्वितीय कदम उठाए और अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करने का अद्वितीय काम किया है इसलिए तीसरी बार उन्हें देश की जनता फिर सत्ता सौंपना चाहती है। उन्होंने लोगों को आह्वान किया कि वे भाजपा का सहयोग और समर्थन करे ताकि लोगों के लिए चलाई गई जनकल्याण कारी नीतियों और विकास कार्यो को और तेजी से लागू किया जा सके।

# भाजपा का दिनों दिन गिर रहा है ग्राफ, कांग्रेसियों को टांग खिंचाई से नहीं फुर्सतः नैना चौटाला

अटल हिंद संवाददाता



हिसार। हिसार लोकसभा क्षेत्र में ही नहीं, पूरे हरियाणा में कांग्रेसियों की टांग खिंचाई की आदत जगजाहिर है। हर कांग्रेस का नेता एक दूसरे को अंडरवेट और खुद को हैवीवेट बताने में लगा रहता है। यह बात हिसार लोकसभा क्षेत्र से जननायक जनता पार्टी की प्रत्याशी नैना सिंह चौटाला ने कहीं। वे शनिवार को मील गेट क्षेत्र में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद कार्यकर्ताओं से रूबरू हो रही थी। नैना चौटाला ने कहा की कांग्रेसी नेताओं की आपसी फूट के चलते पहले तो टिकटों के वितरण में इतनी देरी हुई और टिकट वितरण के बाद भी कांग्रेस में नेताओं के बीच आपसी फूट का सिलसिला और तेज हो गया है । यही कारण कांग्रेस को ले डूबेगा। उन्होंने कहा कि हिसार लोकसभा क्षेत्र से पहले जो भी कांग्रेस की टिकट पर सांसद चुनकर गए थे वे भी हिसार लोकसभा की आवाज को लोकसभा में उठाने में विफल रहे थे। इतना ही नहीं सांसद निधि कोष का पूरा पैसा हिसार की जनता के लिए खर्च नहीं कर पाए थे। उन्होंने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव में जीत दर्ज करने को लेकर बीजेपी के नेताओं का खुद का भ्रम भी टूटने लगा है।

हिसार लोकसभा से लेकर पूरे हरियाणा में दिनों-दिन बीजेपी का ग्राफ गिरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता बीजेपी की नीयत और नीति को जान चुकी है।